4 रायपुर संभाग
कोंडागांव में लता उसेंडी की शानदार वापसी, 19153 वोटों...

6 अभिमत
रोजगार योग्य कौशल प्रशिक्षण

09 विविध
इमरान हाशमी ने किया खुलासा, घंटों किया था एश्वर्या की वैन...

10 संस्कारधानी
राजनांदगांव लोकसभा की आठ में से 5 विस सीट पर...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 04 दिसम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-102 मूल्य 3.00 ₹

# छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने लहराया परचम


पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले, भारतीय जनता पार्टी ने अपनी लोकप्रियता का जोरदार प्रदर्शन करते हुये हिन्दी भाषी तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बड़ी जीत दर्ज की। तेलंगाना सहित चार राज्यों के चुनावों की मतगणना में भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंदी कांग्रेस को राजस्थान और छत्तीसगढ़ में झटका लगा तथा उसने इन दोनों राज्यों में अपनी सरकार गवां दी। कांग्रेस ने दक्षिण के एक महत्वपूर्ण राज्य तेलंगाना में एक बड़ी कामयाबी हासिल की जब उसने राज्य के गठन के बाद से 10 साल लगातार सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को उखाड़ फेंका। भाजपा, जिसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के रथ पर सवाल होकर चारों राज्यों में चुनाव लड़ा, उसने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से सत्ता छीनी और अपने पुराने गढ़ मध्यप्रदेश में इस बार अभूतपूर्व प्रदर्शन किया और पार्टी सत्ता विरोधी लहर के आकलनों को झुठलाते हुये दो तिहाई से भी अधिक सीटें जीतने में सफलता हासिल की। छत्तीसगढ़ की कुल 90 सीटों के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार 54 सीट जीत दर्ज की। वही कांग्रेस के खाते में 35 सीटे ही गई। एक अन्य को भी यहां से सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को रिकार्ड बहुमत मिली थी। लेकिन 2023 में राज्य में भाजपा ने जबरजस्त प्रदर्शन किया। राजस्थान में कुल 199 सीटों पर हुये चुनाव में भाजपा ने 115 सीटें जीत ली हैं, जबकि सत्तारूढ़ को 68 सीटों पर विजय प्राप्त हो चुकी। वहीं तेलंगाना में कुल 119 सीटों में से कांग्रेस 64 सीटों पर कब्जा जमा कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर ली है।

## प्रदेश अध्यक्ष समेत छत्तीसगढ़ सरकार के 9 मंत्री चुनाव हारे

छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के 9 मंत्री चुनाव हार गए। जिसमें उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया, आवास पर्यावरण एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर, कृषि एवं शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत सिंह भगत, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पीएचई मंत्री गुरू रूद्रकुमार, जनजातीय मंत्री मोहन मरकाम के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी चुनाव हार गए।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री उमेश पटेल अनिला भेंडिया और लखमा को मिली सफलता






इस विधानसभा चुनाव में जहां सरकार के 9 मंत्री चुनाव हार गए वही पाटन से प्रत्याशी भूपेश बघेल चुनाव जीतने में सफल रहे। एक बार फिर खरसिया से उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल और अनिला भेंडिया भी इस चुनाव में जीत दर्ज करने में सफल रहे है। कवासी लखमा ने भी सफलता हासिल की है।

## रमन सिंह ने बाजी पलट दी

पूर्व सीएम भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह ने 45 हजार से ज्यादा वोटों से राजनांदगांव विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है। रमन सिंह छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। सात दिसंबर 2003 को वह राज्य के मुख्यमंत्री बने थे और लगातार तीन बार राज्य के सीएम रहे हैं। रमन सिंह आम तौर पर शांत और सहज स्वभाव में नेता है। 2023 के इस विधानसभा चुनाव में रमन समर्थकों का बोलबाला रहा है। रमन सिंह ने राज्य में एक बार फिर भाजपा को जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है। डॉ. रमन सिंह पहली बार 1990 में अविभाजित मध्यप्रदेश में चुनाव जीतकर आए। 1993 के विधानसभा चुनाव में वह फिर चुने गए। 1999 के आम चुनाव में रमन सिंह ने राजनांदगांव से लोकसभा के लिए सफलता हासिल की। विधायक से सांसद बने वह राज्यमंत्री बनाए गए। बाद में उन्हे राज्य भाजपा की कमान सौंपी गई। इसके बाद से रमन सिंह लगातार तीन बार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे। राज्य में उन्हें चाऊर वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। अब एक बार फिर रमन सिंह चुनाव जीतकर मैदान में है।



## ओपी चौधरी की 64443 वोटों के साथ सबसे बड़ी जीत, आशाराम मात्र 16 वोटों से जीते



रायगढ़ से भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी सबसे ज्यादा 64443 मतों से जीत का रिकॉर्ड दर्ज किया है। वहीं भाजपा के आशाराम नेताम ने कांकेर सीट से मात्र 16 वोटों से बाजी अपने नाम की है। कांकेर जिले में विधानसभा की तीन सीटें हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांकेर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी आशाराम नेताम ने मात्र 16 मतों से जीत दर्ज की है। कांकेर विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर थी।



## जनमत का गुमान, जनता का अपमान

**विशेष टिप्पणी**
**ए.एन. द्विवेदी**

जनमत का गुमान, और जनता का अपमान ही कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने का प्रमुख कारण दिख रहा है। वरना अरबों के (प्रत्येक व्यक्ति को मिलने वाले लाभ की राशि) लाभ को छोडकर छत्तीसगढ़ की जनता फिर भाजपा का चुनाव नहीं करती। पिछले विधानसभा चुनाव में 15 साल तक राज करने वाली भाजपा का गुमान उतारने के लिए ही जनता जनार्दन ने 2018 में कांग्रेस को सत्ता सौंपा था, लेकिन कांग्रेस पांच साल भी सत्ता नहीं पचा पाई। जो गुमान भाजपा नेताओं को 15 वर्ष शासन करने के बाद आया, वह गुमान कांग्रेस में पांच साल में ही दिखने लगा। शायद यही कारण है कि राजधानी रायपुर से लेकर धर्मनगरी कवर्धा तक बहुसंख्यक अपने आप को उपेक्षित महसूस करने लगे। रायपुर की सभी और बस्तर की अधिकांश सीटों पर कांग्रेस का सफाया, भूपेश सरकार के 9 मंत्रियों का चुनाव हारना इसका जीता जागता उदाहरण है। बस्तर में धर्मांतरण की आग फैलते रही, कवर्धा और साजा में बहुसंख्यकों का आक्रोश खून बनकर ऑखों में टपक रहा था, उसके बाद भी राज्य की कांग्रेस सरकार अपनी आंखें बंद किए हुए थी। मजदूरी करने वाले ईश्वर साहू आज नव निर्वाचित विधायक हैं, उनके बेटे की हत्या के बाद भी मंत्री, साजा विधायक और कथित कद्दावर नेता रविन्द्र चौबे को उनके दरवाजे में जाने की फुर्सत नहीं मिली, या उनपर सत्ता का गुमान इस कदर चढा हुआ था कि वह एक मजदूर के दरवाजे जाना ही उचित नहीं समझे, खैर चौबे जी के गुमान के साथ अब कांग्रेस का भी गुमान उतर चुका है, गरीब-मजदूर ईश्वर विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। वही हाल कुछ कवर्धा का भी दिखते रहा। मंत्री अकबर का नाम एक विवाद से जुड़ गया। इस हादसे की आग सिर्फ वहां तक ही सीमित नहीं रही, आग की लपटें अन्य सीटों को भी अंदर ही अंदर जलाते रही। वास्तव में यदि इस चुनाव के जीत का मूल्यांकन घोषणाओं से किया जाए तो कांग्रेस ने भाजपा से कहीं जादा बढ़-चढ़ कर घोषणाएं की थीं, फिर भी जनता जर्नादन ने कांग्रेस सरकार को सिरे से खारिज कर दिया। अरबों के (प्रत्येक व्यक्ति को मिलने वाले लाभ की राशि) लाभ को जनता ने ठुकराकर कांग्रेसी नेताओं का गुमान उतारना ही उचित समझा। भूपेश सरकार के मंत्रियों का निम्न स्तरीय प्रदर्शन आम जनता को स्पष्ट दिख रहा था। विधानसभा की कार्रवाई से लेकर बार-बार भूपेश सरकार के मंत्रियों के आचरण और व्यवहार में जनमत का गुमान साफ तौर पर दिखाई देता रहा। जनमत का गुमान इस कदर रहा कि भ्रष्टाचार से जुडे राज्य के कई अफसर सलाखों के पीछे पहुंच गए। भ्रष्टाचार की खबरों से राज्य के समाचार पत्र रंगे रहे, कथित पीएससी घोटाला, कोयला घोटाला, गोबर घोटाला, शाराब घोटाला, जलजीवन मिशन में घोटाला, कैम्पा में घोटाला न जाने कहां-कहां और कितने- कितने घोटाले उसके बाद भी कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों को लेकर शुतुरमुर्ग बनी रही। कांग्रेस के मंत्रियों और विधायकों का गुमान इतना रहा कि वह भाजपा जैसी मजबूत पार्टी को भी इग्नोर करते रहे, परिणाम यह है कि राज्य में कांग्रेस का सफाया हो गया। कांग्रेसी नेताओं को यह नहीं पता था कि यह जनमत आपको राज्य की जनता की सेवा के लिए दिया गया है, न कि सत्ता के गुमान में अपनी मनमानियां करने के लिए। इस जनमत से वर्तमान और आगे के नेताओं को सीख लेना चाहिए, जब भी जनमत का गुमान और जनता का अपमान होगा, तो परिणाम कुछ ऐसे ही दिखेंगे।



# जीत का श्रेय बिलासपुर की जनता को : अमर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल ने अपनी शानदार जीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भूपेश बघेल की घोषणाएं डीपफेक साबित हुई है। छत्तीसगढ़ की जनता को भूपेश बघेल के कुशासन से मुक्ति मिली, प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को छत्तीसगढ़ की जनता ने विकास का लोक स्तंभ मानकर अंगीकार किया है। बिलासपुर समेत पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की जीत कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, परिश्रम और धैर्य का परिणाम है। बिलासपुर की जनता ने भाजपा की जीत तय करके मुझ पर जो विश्वास किया है, उस पर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता होगी। आजादी के अमृत काल की पुनीत बेला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार से छत्तीसगढ़ में समेकित विकास और सुशासन के लोकहितकारी स्वरूपों को आकार देने का काम किया जाएगा। चार राज्यों के चुनाव परिणाम में तीन में भाजपा की प्रचंड जीत से 2024 में देश में मोदी जी की सरकार की विश्वसनीयता का संकेत दे दिया है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल 5 सालों में ढाई घर की चाल में भरोसे का झांसा देकर प्रदेश को भ्रष्टाचार एवं तानाशाही के जाल में बुनते रहे,आज के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को छत्तीसगढ़ की जनता ने ढाई गुना से ज्यादा से ज्यादा सीटों बढ़त देकर छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए अपना आशीर्वाद दिया है। छत्तीसगढ़ के बुजुर्गों, माताओ, भाइयों को कोटि-कोटि प्रणाम करते हुए बिलासा माई की पावन धरा के नागरिक जनों का हृदय से आभारी हूं, जिन्होंने भाजपा को विजयी बनाया एवम मुझे पुनः सेवा का अवसर देकर अपना असीम स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

# बृजमोहन अग्रवाल ने बड़ी जीत हासिल करने के बाद निकाली विजयी रैली



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने जीत का बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 67,851 वोटों से जीत हासिल की है, जो इस चुनाव की सबसे बड़ी जीत है। बृजमोहन अग्रवाल ने जीत का बड़ा रिकॉर्ड बनाने के बाद शाम को अपनी विजयी रैली निकाली है। बृजमोहन अग्रवाल के सामने कांग्रेस ने महंत रामसुंदर दास को अपना प्रत्याशी बनाया था। बृजमोहन अग्रवाल को कुल 1,09,263 मत मिले हैं। वही महंत रामसुंदर दास को 41,412 मत मिले हैं। इनके अलावा तीसरे नंबर पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रत्याशी प्रदीप कुमार साहू थे, जिन्हें मात्र 1612 वोट प्राप्त हुए हैं। बता दें कि बृजमोहन अग्रवाल को हराने के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी थी फिर भी वह उनकी जीत को रोक नहीं पाए।

## कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया, उम्मीद है लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी बीजेपी : कुमारी सैलजा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर प्रेसवार्ता की। ये प्रेसवार्ता मंत्री शिव डहरिया के शासकीय आवास में हुई। इस दौरान सैलजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता का जनादेश स्वीकार्य है। कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया। उन्होंने आगे कहा कि हम गरीब, वंचित वर्ग की लड़ाई लड़ते रहेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि बीजेपी सरकार लोगों के उम्मीदों पर खरा उतरे। उन्होंने कहा कि हम मजबूत विपक्ष के रूप में काम करेंगे। हम सरकार के अच्छे कामों का सहयोग करेंगे। चुनाव के परिणामों को लेकर सैलजा ने कहा कि कहां क्या कमी रह गई है, उसकी समीक्षा हम करेंगे। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि इसके बाद हम लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे।

## राम विचार नेताम ने 30 हजार मतों से की जीत हासिल

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

रामानुजगंज विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी रामविचार नेताम ने जीत दर्ज कर ली है। उन्होनें कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.अजय कुमार तिर्की को 29740 वोटों से हरा दिया है। शुरुआती दौर में गिनती के दौरान उतार-चढ़ाव का दौर जारी था किंतु उसके बाद राम विचार नेता लगातार बढ़ते चले गए अंतिम राउंड पूर्ण होने पर 29740 मतों से अपने प्रतिद्वंदी डॉ.अजय कुमार तिर्की को हराने में कामयाब रहे। व्ही रामविचार नेताम



को कुल 99107 मत मिले तो डॉ.अजय कुमार तिर्की को 69367 मत हासिल हुए। इस प्रकार 29740 मतों के अंतर से रामविचार नेताम बड़ी जीत से विजय हुए।

### नेताम ने जनता जनार्दन का जताया आभार

राम विचार नेताम ने अपनी बड़ी जीत के बाद रामानुजगंज विधानसभा के जनता जनार्दन के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहां की चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि जनता जनार्दन का भरोसा हमारे ऊपर 10 साल के बाद भी कायम है। और उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में हमेशा से सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति होती चली आई है।

## भाजपा प्रत्याशी डॉ. संपत अग्रवाल ने जीता बसना विधानसभा क्षेत्र

पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com



बसना विधानसभा से बीजेपी के स्थानीय प्रत्याशी डॉ. संपत अग्रवाल को बड़ी जीत मिली है। डॉ. संपत अग्रवाल ने कांग्रेस के विधायक राजा देवेंद्र बहादुर को 36793 मतों से करारी हार दी है। संपत अग्रवाल के जीत के बाद से ही नगर में फटाके फूटे, समर्थकों में जीत को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### कोटा विधानसभा से कवासी लखमा जीता



**रायपुर।** कोंटा विधानसभा में कड़ी टक्कर के बीच मंत्री कवासी लखमा ने जीत दर्ज की है। पूरे 17 राउंड की गिनती में कवासी लखमा को 1930 वोट से जीत मिली है।

## राज्यपाल ने किया उपराष्ट्रपति का स्वागत



**रायपुर ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के रायपुर आगमन पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने रायपुर एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उनका स्वागत किया।

## सीएम भूपेश बघेल ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा, भाजपा को दी जीत की बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को अपना इस्तीफा सौंप दिया है. इस दौरान सीएम बघेल ने राज्यपाल से चर्चा भी की। राजभवन से बाहर आने के बाद भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने कहा कि हम हार की समीक्षा करेंगे, जो जनादेश है, उसको स्वीकार करेंगे. भाजपा को जीत की बधाई। भूपेश बघेल ने कहा मैंने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है. 5 साल पहले जनादेश हमें मिला था और बहुत ईमानदारी से हमने सेवा की. अभी जो जनादेश मिला है, उसका हम सम्मान करते हैं. हम लोग क्योंकि अब विपक्ष में हैं तो सकारात्मक विपक्ष की भूमिका हम निभाएंगे।भूपेश बघेल ने कहा अब समीक्षा करने से पता चलेगा, लेकिन जो जनादेश मिला है उसका हम सम्मान करते हैं। जिस छत्तीसगढ़ियावाद को लेकर आप लोग आगे बढ़े थे और सारी चीजों पर लेकिन उस पर भी सफलता नहीं मिल पाई है। अभी जनादेश भाजपा को मिला है और मैं उनको बधाई देता हूं।

## अजीत कुकरेजा ने बिगाड़ा उत्तर का खेल, नहीं लड़ते चुनाव तो परिणाम होते कुछ और

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर छत्तीसगढ़ में दो चरणों में हुए विधानसभा चुनाव के लिए आज मतगणना होनी है। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टी के नेताओं को बेसब्री से चुनाव के परिणामों का इंतजार है। प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में 8 बजे से मतगणना शुरू हो चुकी है। प्रदेश में सामने आए रुझानों ने सबको चौंका दिया है शुरूआती रुझान में भाजपा को बहुमत मील चुका है। भाजपा अभी 54 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा ने कुछ सीटों पर जीत भी हासिल कर ली है। भाजपा प्रत्याशियों की जीत का सिलसिला जारी है। वहीं रायपुर के उत्तर विधानसभा सीट के बारे में बात की जाए तो यहां से भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा को 54279 हजार वोट मिले है। पुरंदर मिश्रा ने 23054 हजार वोटो से चुनाव जीता है। वहीं रायपुर उत्तर से कांग्रेस के प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा को 31225 वोट मिले हैं। वहीं इस चुनाव में कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले अजीत कुकरेजा को विधानसभा चुनाव में 22939 वोट मिले हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद कहा जा रहा है कि, अगर अजित कुकरेजा निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ते तो कांग्रेस का वोट नहीं बंटता। इतना ही नहीं कहा ये भी जा रहा है कि, अगर अजीत कुकरेजा बागी होकर चुनाव नहीं लड़ते तो कांग्रेस को इसका फायदा मिलता और और रायपुर उत्तर से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा आसानी से जीत हासिल कर लेते। बता दें कि, प्रदेश में दो चरणों में विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ था। पहले चरण की 20 सीटो के लिए 7 नवंबर को मतदान हुआ था।

# चुनाव नतीजों के बाद बीजेपी में जश्न का माहौल, कांग्रेस में सन्नाटा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य में इंतजार की घड़ी आखिर खत्म हो गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा 54 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। भाजपा खेमे में जश्न का माहौल है तो वहीं कांग्रेस में सन्नाटा पसरा हुआ है। इस बार राज्य में कांग्रेस बनाम भाजपा का ही मुकाबला रहा। एक मात्र पाली-तानाखार सीट से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी तुलेश?वर हीरा सिंह मरकाम ने जीत दर्ज की है। आरंग विधानसभा सीट से मंत्री शिव डहरिया हार गए हैं। यहां भाजपा प्रत्याशी खुशवंत सिंह साहेब ने जीत हासिल कर ली है। खुशवंत सिंह साहेब ने करीब 16500 वोट से मंत्री शिव डहरिया को हराया है। साजा विधानसभा से कांग्रेस के मंत्री रविंद्र चौबे चुनाव हार गए हैं। भाजपा प्रत्याशी ईश्वर साहू ने उन्हे हराया है। इस विधानसभा में बिरनपुर केस ने बड़ा खेल कर दिया है। वहीं कुरुद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर 8046 मतों से जीत दर्ज की है। वहीं बैकुंठपुर से पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा प्रत्याशी भैया लाल राजवाड़े 24717 वोट से जीत गए हैं। भाजपा के भैया लाल राजवाड़े को कुल 66035 मत मिले हैं। कांग्रेस की अंबिका सिंहदेव को मिले कुल 41321 मत है। सिहावा से राउंड- 19 अंतिम में कांग्रेस से अंबिका मरकाम 13102 मतों से जीत दर्ज की है। मरवाही से बीजेपी प्रत्याशी प्रणव मरपच्ची जीते। सारंगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी उत्तरी गनपत जांगड़े जीत गई हैं। उत्तरी जांगड़े 29695 मत से चुनाव जीत गई है। मुंगेली से भाजपा प्रत्याशी पुन्नूलाल मोहले 12 हजार से अधिक मतों से जीत गए हैं। अम्बिकापुर से करीब 158 मतों से टीएस सिंह देव हार गए हैं। उसके बाद कांग्रेस की तरफसे डाक मत्र पत्र के रिकाउंटिंग के लिए आवेदन दिया गया है।

**लोरमी से अरुण साव 39 हजार से अधिक मतों से जीते**

लोरमी से भाजपा प्रत्याशी अरुण साव 39 हजार से अधिक मतों से जीत गए हैं। आरंग विधानसभा सीट से मंत्री शिव डहरिया हारे गए हैं। यहां भाजपा प्रत्याशी खुशवंत सिंह साहब ने जीत हासिल की है। केशकाल से भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम 6143 मतों से जीत गए हैं।

**मस्तूरी से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया 10 हजार से अधिक मतों से जीते**

बिलासपुर की कोटा से कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव 10 हजार से अधिक मतों से जीते हैं। बेलतरा से भाजपा प्रत्याशी सुशांत शुक्ला 12 हजार से अधिक मतों से जीते हैं। मस्तूरी से कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया 10 हजार से अधिक मतों से जीत गए हैं। वहीं जांजगीर जिले के पामगढ़ से कांग्रेस की जीत हुई है, शेषराज हरबंश यहां से जीत गए है। वहीं अकलतरा से कांग्रेस की जीत हुई है, राघवेंद्र सिंह की जीत हुई है। गरियाबंद से कांग्रेस प्रत्याशी जनक लाल धुव्र 817 मतों से जीते हैं।

**पाटन विधानसभा से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव जीत**

पाटन विधानसभा से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव जीत गए हैं। वहीं रायपुर उत्तर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा जीत गए हैं। उन्होंने करीब 25000 वोटों से जीत दर्ज की है। वहीं रायपुर दक्षिण से बीजेपी के बृजमोहन अग्रवाल भी चुनाव जीत गए है।

**रामानुजगंज से भाजपा प्रत्याशी रामविचार नेताम जीते**

वहीं भानुप्रतापपुर से कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मांडवी 31 हजार मतों से जीत गई हैं। बिलासपुर की तखतपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी धरमजीत सिंह जीत गए हैं। बिलासपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अमर अग्रवाल 29 हजार से जीते हैं। रामानुजगंज से भाजपा प्रत्याशी रामविचार नेताम जीत गए हैं। 29780 वोट से रामविचार नेताम जीते हैं।

बीजापुर से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम शाह मंडावी जीत गए हैं। वहीं डोंगरगढ़ से कांग्रेस की हर्षिता बघेल 14256 वोटों से जीत गई हैं। राजिम से भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू 11903 मतो से जीत गए हैं। रायपुर पश्चिम विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री राजेश मूणत जीत गए हैं, करीब 38,000 वोटों से जीत दर्ज की है।

**खरसिया से कांग्रेस के उमेश पटेल 22192 मतों से चुनाव जीते**

खरसिया से कांग्रेस के उमेश पटेल 22192 मतों से चुनाव जीत गए हैं। वहीं धरमजयगढ़ से भी कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत सिंह राठिया ने 10061 वोट से जीत हासिल की है। वहीं लैलूंगा के कांग्रेस प्रत्याशी 13700 से आगे है छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रत्यशी लगातार जीत रहे हैं। प्रदेश में 55 सीटों पर बढ़त बीजेपी ने बना ली है। जशपुर से बीजेपी की गोमती साय 259 वोटो से जीत गई हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह को हराया है। सीतापुर से कांग्रेस के अमरजीत भगत 18000 वोटों से चुनाव हार गए हैं। मंत्री कवासी लखमा कोंटा से चुनाव जीत गए हैं। वहीं धरसीवां से भाजपा प्रत्याशी अनुज शर्मा करीब 44 हजार वोटो से जीत गए हैं। कुनकुरी विधानसभा से विष्णु देव साय बीजेपी 25787 से जीते हैं। लुंड्रा से बीजेपी प्रत्याशी प्रबोध मिंज जीत गए हैं। उन्होंने 30 हजार से ज्यादा मतों से जीत दर्ज की है। रमन सिंह 35 हजार से अधिक मतों से जीत गए हैं। वहीं अभनपुर से भाजपा प्रत्याशी इंद्र कुमार साहू 15 हजार वोटों से जीत हासिल कर ली है। समर्थकों के साथ उन्होंने जीत की रैली निकाली है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह चुनाव जीत गए हैं। बता दें कि इस वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव दो चरणों में हुए।

पहले चरण का मतदान 7 नवंबर और दूसरे चरण का चुनाव 17 नवंबर को हुए। पहले चरण में 20 सीटों पर और दूसरे चरण में 70 सीटों पर मतदान हुए। वहीं विधानसभा चुनाव में कुल 76.31 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। पहले चरण में 70.87 प्रतिशत और वहीं दूसरे चरण में 75.08 मतदान हुआ था।

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 04 दिसम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-102 मूल्य 3.00 ₹

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत 24 में हैट्रिक की गारंटी : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत को ऐतिहासिक बताते हुये रविवार को कहा कि यह जीत सबका साथ, सबका विकास की भावना की जीत है और भ्रष्टाचारी सरकारें पराजित हुयी हैं। उन्होंने इस जीत को 2024 में हैट्रिक की गारंटी भी करार दिया। मोदी ने यहां पार्टी मुख्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के विजयोत्सव समारोह को संबोधित करते हुये पार्टी की जीत को माताओं, बहनों, युवा साथियों और गरीब परिवारों को समर्पित किया और कहा, मैं उनके निर्णय के सामने नतमस्तक हूं। आज की जीत ऐतिहासिक है। सबका साथ, सबका विकास की अनुभूति की जीत हुयी है। विकसित भारत की आवाज जीती है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प जीता है। मोदी ने कहा, मैं अपनी माताओं, बहनों, बेटियों के सामने, मैं अपने युवा साथियों के सामने, अपने किसान साथियों के सामने, मैं अपने गरीब परिवारों के सामने, उनके निर्णय के सामने नतमस्तक हूं। रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत में बेहतर भविष्य का सपना देखने वाला हर युवा अपनी जीत देख रहा है। मोदी ने कहा, हर वंचित, हर किसान, हर गरीब और हर आदिवासी भाई-बहन खुश है और सोच रहा है कि वह खुद जीता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति का विकास भाजपा के विकास मॉडल का मुख्य आधार है। इसीलिए विधानसभा चुनाव में पार्टी को माता, बहनों और बेटियों का खूब सारा आशीर्वाद मिला है। मोदी ने कहा कि यह जीत 2024 के लोक सभा चुनाव के परिणाम का संकेत है। उन्होंने कहा, यह जीत 24 की हैट्रिक की गारंटी है। मोदी पार्टी कार्यालय में जाते हुए रास्ते में दोनों तरफ स्वागत के लिये खड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकर किया। लोगों ने उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसायीं। पार्टी मुख्यालय उनके साथ पार्टी अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा की उपस्थित थे।

# मप्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जानादेश विनम्रता से करते हैं स्वीकार : राहुल गांधी

## उनकी लड़ाई विचारधारा की है और यह लड़ाई जारी रहेगी

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में पार्टी को बहुमत से जीतने के लिए वहां की जनता का आभार व्यक्त किया लेकिन कहा कि वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिले जनादेश को विनम्रता पूरक स्वीकार करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी लड़ाई विचारधारा की है और यह लड़ाई जारी रहेगी। इससे पहले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना की जनता का आभार जताया और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान में कांग्रेस वोट देने वाले लोगों को धन्यवाद दिया। गांधी ने कहा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं - विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस को बहुमत देने के लिए वहां के मतदाताओं का आभार जताया और कहा तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद - प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम ज़रूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने कहा कि जिन राज्यों में पार्टी को हार मिली है वहां जल्द ही पार्टी फिर मजबूती के साथ खड़ी होगी। उन्होंने कहा, ठीक 20 साल पहले भी कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। उस वक्त हमें सिर्फ़ दिल्ली में जीत मिली थी। लेकिन कुछ ही महीनों में ज़ोरदार ढंग से वापसी करते हुए कांग्रेस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और केंद्र में सरकार बनाई। आशा, विश्वास, धैर्य और दृढ़ संकल्प साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयारी करेगी।

### कमलनाथ ने पराजय स्वीकारी भाजपा को दी बधाई



भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की पराजय स्वीकार करते हुए कहा कि वे जनता का फैसला स्वीकार करते हैं। कमलनाथ ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी महत्वपूर्ण पोस्ट में लिखा है, चुनाव परिणाम में मध्यप्रदेश की जनता का फैसला मुझे स्वीकार है। हमें विपक्ष में बैठने की जिम्मेदारी दी गई है और हम अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। मध्यप्रदेश के सामने अभी सबसे बड़ा सवाल यही है कि मध्यप्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो, हमारे किसानों को खुशहाली मिले। मैं भारतीय जनता पार्टी को बधाई देता हूं। मुझे आशा है कि जनता ने उनके ऊपर जो विश्वास दिखाया है, वे उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

# तुष्टिकरण व जाति की राजनीति के दिन लद गए : अमित शाह

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश की जनता के दिल में सिर्फ और सिर्फ मोदी जी हैं और तुष्टिकरण तथा जाति की राजनीति के दिन अब लद गए हैं।

विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली शानदार जीत के बाद श्री शाह ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में कहा,आज के चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि तुष्टीकरण और जाति में बाँटने की राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं...नया भारत पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस पर वोट देता है। इस अपार समर्थन के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की जनता को नमन करता हूँ। राजस्थान के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा,वीरभूमि राजस्थान की जनता का हृदय से आभार। मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा को जीत का आशीर्वाद देने के लिए राजस्थान की जनता का अभिनंदन करता हूँ। यह जीत मोदी जी के नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास की जीत है। मध्य प्रदेश की जनता को धन्यवाद देते हुए शाह ने कहा,प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद देकर भाजपा को निरंतर सेवा का अवसर देने के लिए जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा,छत्तीसगढ़ के जनजातीय, गरीब और किसान बहनों-भाइयों ने प्रधानमंत्री जी में अपना विश्वास जताकर भाजपा को प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद दिया है। इस विशाल जीत के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का आभार व्यक्त करता हूँ।

### बुधनी से शिवराज एक लाख से अधिक मतों से विजयी



सीहोर। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को एक लाख से अधिक मतों से पराजित कर चुनाव जीत लिया। चौहान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के विक्रम मस्ताल शर्मा को 01 लाख 04 हजार 974 मतों से पराजित कर चुनाव जीतने के साथ ही सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा। चौहान को कुल 22 राउंड की मतगणना में कुल 01 लाख 64 हजार 951 मत हासिल हुए। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा को 59 हजार 477 मत मिले। इस तरह चौहान ने 01 लाख 04 हजार 974 मतों से रिकार्ड जीत हासिल की।

## मुर्मु ने विज्ञान भवन में एक समारोह में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कहा

# सशक्तीकरण से दिव्यांगजन समानता, सम्मान के साथ जीवनयापन कर सकते हैं : मुर्मु

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज में सकारात्मक बदलाव पर खुशी जाहिर करते हुये रविवार को कहा कि अवसरों की समानता और सशक्तीकरण से दिव्यांगजन समानता और सम्मान के साथ जीवनयापन और योगदान कर सकते हैं। मुर्मु यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर वर्ष 2023 के लिये विकलांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार एक सराहनीय माध्यम है क्योंकि व्यक्तिगत और संस्थागत कार्यों को सार्वजनिक मान्यता दिये जाने से सभी को प्रोत्साहन मिलता है। उन्हें जानकर खुशी हुई कि पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगजनों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उचित सुविधाओं, अवसरों और सशक्तीकरण प्रयासों की मदद से सभी दिव्यांगजन समानता और सम्मान के साथ जीवन जी सकेंगे। उन्होंने कहा कि जो दिव्यांगजन विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं, उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार अन्य दिव्यांगजनों की मदद करनी चाहिये। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व की कुल आबादी का लगभग 15 प्रतिशत दिव्यांगजन हैं और उनका सशक्तीकरण एक उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि नये संसद भवन का हर हिस्सा दिव्यांगजनों के लिये सुविधाजनक है। उन्होंने सभी से इससे सीख लेने और शुरुआत से ही दिव्यांगजनों की जरूरतों को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें नवीनीकरण के बजाय नवप्रवर्तन की सोच के साथ काम करना चाहिये। राष्ट्रपति ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य और कल्याण, अच्छी शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छता और पेयजल आदि से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने से दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण को विशेष ताकत मिलती है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारत ने इन लक्ष्यों को उच्च प्राथमिकता दी है और उन्हें प्राप्त करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। मुर्मु ने एशियाई पैरा खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का जिक्र करते हुये ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने अपनी अदम्य विजयी भावना के बल पर एक नया इतिहास रचा है।



# कोंडागांव में लता उसेंडी की शानदार वापसी, 19153 वोटों से भारी जीत



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

### लता ने कहा-यह जीत नरेंद्र मोदी के गारंटी का परिणाम हैं

लता ने जीत के बाद कहा कि, यह विधानसभा चुनाव नरेंद्र मोदी की गारंटी का परिणाम हैं, जो कोंडागांव विधानसभा सीट से विजयी हुए हैं। इस जीत के बाद, उन्होंने यह आश्वासन दिया हैं कि, सरकार ने जो भी घोषणाएं की हैं, वह सभी कोंडागांव में लाई जाएंगी और भारतीय जनता पार्टी जनता की सभी समस्याओं का समाधान करेगी। भारतीय जनता पार्टी इस चुनौती भरे चुनाव में समर्पित रही हैं और सभी वर्गों महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों के लिए सर्वांगीण विकास का काम किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी इस मुकाम पर खड़ी होकर देश की सभी समस्याओं का समाधान करेगी और विकास के माध्यम से देश को नए उचाईयों तक पहुंचाएगी।

2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कोंडागांव विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी ने शानदार जीत हासिल की हैं। चुनावी नतीजों के अनुसार, जो 3 दिसंबर को घोषित हुए लता ने मोहन को बहुत भारी मतों से मात दी। शानदार जीत के साथ लता ने विधानसभा सीट पर 19153 वोट से जीत हासिल की हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं में इस जीत पर उत्साहपूर्ण माहौल हैं और कोंडागांव में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने इस जीत को बैंड बाजा के साथ मनाया हैं। इस चुनौती भरे चुनाव ने लता उसेंडी ने कोंडागांव के लोगों के बीच अपने समर्पण और कार्यों के माध्यम से विश्वास जीता हैं। आपको बता दें कि, लता ने पिछले दो बार से 2013 और 2018 में विधानसभा चुनाव में हार का सामना किया था, जहां मोहन मरकाम ने दो बार से उन्हें हराया था। इसके बावजूद भी लता ने हार को एक नई जीत में बदलने का साहस दिखाया और विधानसभा चुनाव 2023 में अपने पक्ष के लिए स्वयंसेवकों के साथ मिलकर काम किया। लता इससे पहले 2013 से पहले विधायक के पद में 10 साल तक विधायक रह चुकी हैं और यह तीसरी बार 2023 में विधायक के पद में जीत हासिल की हैं। उनकी इस विजय ने दिखाया हैं कि, लोकतंत्र में जनमत सर्वोपरि होता हैं और जनता वाचाल में विश्वास रखती हैं। इस चुनाव में मिली भारी जीत ने उन्हें समर्पित नेतृत्व का प्रतीक बना दिया हैं और वह अपने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# जनादेश शिरोधार्य जनता के हितों के लिये संघर्ष जारी रहेगा : शुक्ला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जनादेश का सम्मान है। चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये। हम अपनी बात को जनता तक ले जाने में सफल नहीं हो पायें। भाजपा के झूठ के सामने हमारा सच दब गया। चुनाव परिणाम से हम निराश है लेकिन हताश नहीं है। हम जनसरोकारों को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेंगे। छत्तीसगढ़ की जनता के हित की लड़ाई वंचित वर्ग के लोगों को उनका हक मिले, कांग्रेस का यह शुरू से प्रयास रहा है और हम इन उद्देश्यों को लेकर विपक्ष में भी संघर्ष करेंगे। 2018 में जनता ने हमें सरकार चलाने का आदेश दिया था हमने पूरी ईमानदारी से 5 वर्षों तक जनता की सेवा किया, किसान, मजदूर, युवा, अनुसूचित जाति, जनजाति सभी के हितों में काम किया। हम अपेक्षा करते है कि भाजपा को जनता ने जो जनादेश दिया है उसके अनुरूप सरकार चलायेगी। किसानों, मजदूरों, महिलाओं से किये गये वायदों को भाजपा निभायेगी। चुनाव में सफलता के लिये भाजपा को बधाई।

# केशकाल से भाजपा के नीलकंठ टेकाम ने बड़ी बहुमत से कांग्रेस को हराया, जीत का जश्न




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

केशकाल विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम ने एक बड़ी जीत दर्ज की हैं। आपको बता दे कि, यह नीलकंड टेकाम उनका पहला चुनाव था और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी संतराम नेताम को बड़ी बहुमत से परास्त करके विजय हासिल की हैं। नीलकंठ टेकाम ने जनता के समर्थन से 6143 वोटों की बड़ी जीत दर्ज की हैं, जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साहपूर्ण माहौल हैं। ज्ञात हो कि, उन्होंने अपने आईएस पद को छोड़कर राजनीति में कदम रखा था और इस पहले ही चुनाव में उन्होंने एक बड़ी जीत हासिल कर ली हैं। टेकाम की यह जीत उनके समर्पण और लोकप्रियता को दर्शाती हैं, जिससे वह राजनीतिक सीने में मजबूती से कदम बढ़ा सकते हैं।

### नीलकंठ ने कहा जनता ने दिया स्नेह, हम विकास के लिए रहेंगे समर्पित

इस उत्साह भरे जीत के बाद नीलकंठ टेकाम ने कहा कि, भाजपा ने जीत हासिल की हैं और इस बार जनता ने जो स्नेह और मौका दिया हैं उसे भारतीय जनता बखूबी निभाएगी और जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी। उन्होंने यह आश्वासन दिया हैं कि, वह क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित रहेंगे। टेकाम ने कहा जनता ने उन्हें पहली बार मौका देकर विकास के क्षेत्र में उनके कार्यों को समर्थन दिखाया हैं और भारतीय जनता पार्टी उनके नेतृत्व में जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरेगी और विकास के माध्यम से राज्य को समृद्धि की ऊँचाइयों तक पहुंचाएगी।

# बलरामपुर जिले के दोनो विधानसभा सीटों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com






विधानसभा निर्वाचन 2023 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज एवं 08-सामरी का मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को लाइवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह बलरामपुर के परिसर में सम्पन्न हुआ। विधानसभा क्षेत्र 07-रामानुजगंज में भारतीय जनता पार्टी के रामविचार नेताम ने कांग्रेस के निकटतम प्रतिद्वंदी डॉ.अजय तिर्की को 29740 मतों से हराया। भारतीय जनता पार्टी के नेताम को कुल डाक मत सहित 99574 तथा कांग्रेस के डॉ.तिर्की को 69911 मत मिले। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 08-सामरी में भारतीय जनता पार्टी की उद्धेश्वरी पैकरा ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विजय पैकरा को 13643 मतों से हराया। भारतीय जनता पार्टी के उद्धेश्वरी पैकरा को डाक मत सहित 83483 तथा कांग्रेस के विजय पैंकरा को 69540 मत मिले। रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र के विजयी प्रत्याशी रामविचार नेताम को विधानसभा रामानुजगंज के रिटर्निंग ऑफिसर गौतम सिंह ने तथा सामरी विधानसभा क्षेत्र के विजयी प्रत्याशी उद्धेश्वरी पैकरा को विधानसभा सामरी के रिटर्निंग ऑफिसर चेतन साहू ने प्रमाण पत्र प्रदाय किया। ज्ञातव्य है कि रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में 182475 मतदाताओं ने एवं विधानसभा क्षेत्र सामरी में 183425 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया।

# कांकेर-अंतागढ़ में जीती भाजपा, कांग्रेस ने बचायी भानुप्रतापपुर सीट

## कांटे की टक्कर के बीच कांकेर से भाजपा के आशाराम ने कांग्रेस के शंकर को हराया



पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के तीन विधानसभा सीटों में से दो में भाजपा व एक में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 79 अंतागढ़ से पूर्व वन मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे विक्रम देव उसेंडी रिकार्ड मतों से जीत दर्ज की है। वहीं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 भानुप्रतापपुर से कांग्रेस की सावित्री मंडावी रिकार्ड मतों से जीत दर्ज की है। कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 81 में कांटे की टक्कर में आशाराम नेताम महज 16 मतों से विजयी हुए है। विदित हो कि कांग्रेस पार्टी द्वा रा टिकट वितरण को लेकर लेट लतीफी व प्रत्याशी चयन को लेकर असमंजस की स्थिति थी वहीं प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस में शुरु से ही अंर्तकलह देखने को मिला जहां अंतागढ़ विधानसभा चुनाव में इस बार ऐसे प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया गया जिसका न तो पार्टी में और न ही लोगों के बीच लोकप्रियता देखने को मिली मात्र गुटबाजी के चलते कांग्रेस इतनी बुरी तरह हारी है कांग्रेस प्रत्याशी रुपसिंह पोटाई को महज 35715 मत प्राप्त हुए वहीं भाजपा के विक्रम देव उसेंडी को 59547 मत प्राप्त हुए है इस तरह से अंतागढ़ में भाजपा प्रत्याशी 23832 मतों से विजयी हुए है। वहीं भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 से कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी लगभग 30849 रिकार्ड मतो सें जीत हासिल की है। इस चुनाव में दिलचस्प मतगणना कांकेर विधासभा क्रमांक 81 में देखने को मिला जहां भाजपा शुरु में लगभग 10 हजार मतों से आगे चल रही थी वहीं अचानक कांग्रेस ने बढ़त बनाई जिसके बाद अंतिम परिणाम में भाजपा प्रत्याशी आशाराम नेताम कांग्रेस प्रत्याशी शंकर ध्रुवा को महज 16 मतों हरा जीत दर्ज की।

# संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों ने विजयी प्रत्याशियों को सौंपा प्रमाण पत्र



पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किए गए, जिसमें अंतागढ़ विधानसभा क्रमांक-79 से प्रत्याशी विक्रम उसेण्डी, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्रमांक-80 से सावित्री मनोज मण्डावी और कांकेर विधानसभा क्रमांक-81 से आशाराम नेताम विजयी घोषित किए गए। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव में मतगणना के पश्चात सभी विजयी प्रत्याशियों को संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों ने प्रमाण पत्र सौंपा। विधानसभा निर्वाचन के मतगणना में कांकेर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी आशाराम नेताम को 67980, शंकर ध्रुवा को 67,964 मत, डायमंड नेताम को 1084, नमिता नेताम को 920, पार्वती तेता को 404, हेमलाल मरकाम को 4236, अर्जुन सिंग आंचला को 1506, गोविन्द कुमार दर्रो को 974, जय प्रकाश सलाम को 1393 मत और नोटा को 2729 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सावित्री मनोज मण्डावी को 83931, गौतम उइके को 52999, कोमल हुपेण्डी को 15255, जालम सिंह जुर्री को 989, अकबर राम कोर्राम को 3217, चन्द्रशेखर कोड़प्पा को 1212, निर्मला कोमरे को 532, भोजराम मण्डावी को 380, राजेश्वर प्रसाद कांगे को 519, लतीफ कुमार पिद्दा को 690, श्यामलाल नरेटी को 663, अनिरूद्ध कुमार ठाकुर को 1031, चैनुराम सिवाना को 832, सेवालाल चिराम को 1222 और नोटा को 2305 मत प्राप्त हुए। वहीं अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विक्रम उसेण्डी को 59547, रूपसिंह पोटाई 'मोड्डू' को 35837, संतराम सलाम को 7412, नरहर देव गावड़े को 395, मानचु मण्डावी को 958, लिलाधर कोरेटी को 1137, शिव प्रसाद गोटा को 641, सुरेन्द्र कुमार दर्रो को 1201, अनुप नाग को 9415, मंतूराम पवार को 15063, रमेश मंडावी को 2334, रामनारायण उसेण्डी को 1518, संतुराम नुरूटी को 1369 एवं नोटा को 4240 मत प्राप्त हुए।

# 21000 वोटों से हारे मंत्री अमरजीत भगत



पायनियर संवाददाता ◄ अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

मंत्री अमरजीत भगत 21 हजार वोटों से हार गए है। मंत्री अमरजीत का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस की सरकार नहीं बनने पर अपनी मूंछ मुड़वाने की बात कही थी। छत्तीसगढ़ विधानसभा के 90 सीटों के लिए सुबह से मतगणना जारी है. इस बीच सरगुजा संभाग में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होते दिख रहा है। वहीं, भाजपा को एक और बड़ी जीत मिली है। सरगुजा के सीतापुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामकुमार टोप्पो ने बाजी मार ली है। इस सीट से चार बार के विधायक कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत हार गए हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सरगुजा संभाग में 14 में से 14 सीटें जीती थी, लेकिन इस बार 14 में से 1 भी सीट नहीं जीत पाई है।

# राजभवन में उपराष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर



**रायपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का रविवार को रायपुर प्रवास के दौरान राजभवन आगमन हुआ। राजभवन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने राजभवन परिसर में पौधा रोपण भी किया। उन्होंने मौलश्री के पौधे रोपे।

# नक्सलियों ने गोलीबारी कर सड़क निर्माण में लगे प्लांट के जनरेटर में लगाई आग

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



चुनाव आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में मतगणना के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। खास कर नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया गया है। जिसके तहत भारी संख्या सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव बहिष्कार के लिए असफल प्रयास कर चुके नक्सली चुनाव परिणाम के लिए होने वाले मतगणना कार्य में भी व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश की। इसी के चलते नक्सलियों ने गोलीबारी में सड़क निर्माण के लिए लगे प्लांट को नुकसान पहुंचाया है। मतगणना के ठीक पहले दिन नक्सलियों और पुलिस के बीच गोलीबारी हुई है। नक्सलियों ने गोलीबारी में सड़क निर्माण के लिए लगे प्लांट को नुकसान पहुंचा है। जिससे चिंतलनार थाना के सामने स्थित प्लांट में रखे जनरेटर में आग लग गई है। रात 9 से 12 बजे के बीच नक्सलियों ने यहां जमकर उत्पात मचाया है।

# 03 दिसंबर का दिन पूरे प्रदेश में भाजपा के खुशियो भरा रहा, विजय रथ पर सवार पुन्नुलाल मोहले ने 11वी बार मुंगेली विधानसभा पर अपना कब्जा जमाया





पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

03 दिसंबर का दिन पुरे प्रदेश में भाजपा के खुशियो भरा रहा। जहां प्रदेश में 5 वर्ष बाद जहां भाजपा की वापसी होती नजर आई वही मुंगेली और लोरमी विधानसभा में भाजपा के लिए खुशियो भरा दिन रहा है। लगातार अपने विजय रथ पर सवार पुन्नुलाल मोहले ने 11वी बार मुंगेली विधानसभा पर अपना कब्जा जमाया है। गौरतलब हो जिले में आने वाले विधानसभाओं के लिए वोटो की गिनती निर्धारित समय पर चालू की गई, सर्वप्रथम डाक मत पत्रो की गिनती के उपरांत इवीएम की गिनती प्रारंभ हुई। जिसमें शुरूवाती चरणो में मंगेली विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 27 एवं लोरमी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 26 के परिणाम भाजपा के लिए निराशा जनक रहे । किंतु राउंड बढने के साथ दोनो विधानसभाओं में भाजपा के वापसी करते हुए लंबी बढत बाई जो अंत तक जारी रहा । इस तरह भाजपा ने जिले के दोनो सीटो पर कांग्रेस को पटखनी देते हुए विजय पताका लहराया। मुंगेली क्षेत्र क्र. 27 से भाजपा के पुन्नुलाल मोहले ने अपने निकटम प्रतिद्वंदी संजीत बनर्जी को 11734 मतो के अंतराल से कांग्रेस के संजीत बनर्जी को हराया । 20 राउंड में हुए गणना के दौरान भाजपा प्रत्याशी पुन्नू लाल मोहले को 84869 मत मिले, वही कांग्रेस प्रत्याशी संजीत बनर्जी को 73135 मत प्राप्त हुए । वही भाजपा ने लोरमी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 26 में लगभग 45 हजार से अधिक मतो के अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी को शिकस्त देते हुए अपना कब्जा जमाया । ज्ञात हो जिले के मुंगेली विधानसभा में कुल 1,70,977 मतदान हुआ ।





अपनी जीत की घोषणा होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं लोरमी से भाजपा प्रत्याशी अरूण साव ने कहा कि जिस तरह लोरमी की जनता ने मुझे सहयोग और आर्शीवाद प्रदान किया है उसके लिए मै लोरमी की जनता का आभारी हूं । साथ ही प्रदेश सत्ता में वापसी को लेकर कहा कि प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जताया है और कांग्रेस के कुशासन का अंत कर प्रदेश में कमल खिलाया है।
**-प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी अरूण साव**

### मुंगेली विधानसभा के लिए 20वे राउंड तक मिले वोटो की संख्या

पुन्नूलाल मोहले को 84869, दीपक पात्रे 2070, समारू भास्कर 2660, सरीता भारद्वाज 1440, संजीत बनर्जी 73135, अर्चना मारकंडे 756, भिखम चंद गर्ग 217, याकुब लाल पात्रे 163, राज रतन उईके 185,संजय गर्धव 395, अशोक नट 369, आशा राम लहरे 994, आशिष कुमार बांधले 408, रूप लाल कोसरे 619,विष्णु कुमार खाण्डे 1143 मत प्राप्त हुए वही नोटा में 1243 मत पडे । इस तरह कुल 1,70,666 मत पडे ।

### लोरमी विधानसभा के लिए 19 वे राउंड तक मिले वोटो की संख्या

अरूण साव 74566, थानेश्वर साहू 28927, मनभजन साहेब टंण्डन 1202 , सागर सिंह बैस 15695, पारस राम यादव 308, माखन प्रजापती 228, मिलउ यादव 148, लक्ष्मण सिंह पोंते 152, सुरेन्द्र दत्त यादव 391, संतोष कैर्वत 2665, रिषभ देवल 202, कोमल राजपूत 304, धर्मेन्द्र कुमार सिंह 553, बबिता टोण्डे 605, महेश कुंमार सोनवानी 957, विना मारकंण्डे 3197, संजीत बर्मन 24595 , नोटा 813 कुल मतदान 1,55,872 पडे ।

### चैक चैराहो सहित भाजपा कार्यालय मे जश्न का माहौल

पुराना बस स्टैण्ड स्थित भाजपा कार्यालय में जीत की खबर आने के साथ ही जश्न का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओ ने जमकर मिठाई बाटी और आतिश बाजी की । साथ ही नगर के मुख्य चैक चैराहो में पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं की हुजुम नजर आया। सभी एक दुसरे को बधाई देते हुए नजर आये ।

### पावरलिफ्ट दीपक को सरकार और रेलवे से चाहिए सहायता

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे की कोरबा स्थित बी ग्रेड के स्टेशन में कुली का काम करने वाले दीपक कुमार को आगामी दिनों में भूटान में आयोजित होने वाली पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेना है। वह चाहता है कि इस अच्छे काम के लिए प्रदेश सरकार और रेलवे उसे आर्थिक रूप से सहायता करें। हाल में ही नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित हुई अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग कंपटीशन में कोरबा निवासी दीपक कुमार ने न केवल हिस्सा लिया बल्कि गोल्ड सहित अन्य मेडल भी जीत लिए। उसने राजस्थान की तरफ से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और एक बार फिर अपने आप को साबित किया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से जुड़े हुए दीपक ने इससे पहले 12 राज्य स्तरीय और चार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी की है और विजेता होने का गौरव प्राप्त किया है। काफी समय से हुआ इस इवेंट में शामिल होने के साथ अपने जिले और संस्थान का नाम ऊंचा करने में लगा है।

## स्कूल मैदान में प्रैक्टिस कर रहे शिक्षक और छात्रों पर मधुमक्खियों ने बोला हमला, शिक्षक की हालत गंभीर



पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

स्कूल मैदान में खेल की प्रैक्टिस कर रहे शिक्षक और छात्र-छात्राओं पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया. दिव्यांग शिक्षक समेत 25 छात्र-छात्राएं जख्मी हो गए, जिन्हें 108 के माध्यम से इलाज के लिए सामुदायिक केंद्र ले जाया गया. दिव्यांग शिक्षक की हालत नाजुक बताई गई है. घटना बालोद जिले के डौंडी विकास खण्ड के नर्राटोला प्राथमिक स्कूल की है. बताया जा रहा है कि मधुमखियों के छत्ते को किसी पक्षी ने चोंच मार दिया गया, जिसके बाद वहीं खेल मैदान में खेल रहे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही डौंडी शिक्षा विभाग के बीआरसी सच्चिदानंद शर्मा अस्पताल पहुंचे और बच्चों और शिक्षक की जानकारी लेते हुए चेकअप करवाया.

## धान बेचने के फिराक में पकड़ाया व्यापारी, किसानों के टोकन के साथ 225 कट्टा अवैध धान जब्त

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. किसानों का धान बेचने के प्रयास में एक व्यापारी को पकड़ा गया है. उसके पास से 3 किसानों के टोकन और 225 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है. व्यापारी केंदा सेवा सहकारी समिति में धान बेचने के प्रयास में था. कलेक्टर अवनीश शरण ने धान खरीदी व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के सख्त निर्देश खाद्य विभाग को दिए है. निर्देशों का पालन करते हुए खाद्य विभाग द्वारा इस पर पैनी निगाह रखी जा रही है. इसी कड़ी में केंदा सेवा सहकारी समिति में 3 किसानों की पर्ची पर धान बेचने का प्रयास करते हुए एक व्यापारी से 225 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है. सिलपहरी के किसान कृपाल सिंह और विजय कुमार, इसी प्रकार बरपाली के किसान रामसिंह का धान बेचने 1 दिसम्बर को केंदा समिति से पर्ची काटी गई थी. टोकन के आधार पर तीन किसान से 225 कट्टा धान ड्राईवर पारस जैन, हरिश्चंद्र, सोमदेव प्रजापति और अनिल पटेल द्वारा लाया गया था. इस दौरान जांच अधिकारी खाद्य निरीक्षक अब्दुल कादिर खान ने मौके पर पहूंचकर चारों ड्राईवरों से पूछताछ की. इस दौरान ड्राईवरों ने धान को व्यापारी से लाना स्वीकार किया गया. इन सभी से 225 कट्टा धान जब्त की गई है.



## मानिकपुर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर चोर को किया गिरफ्तार 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और 1 मोटर साईकल जप्त



पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी कोतवाली रूपक शर्मा के मार्गदर्शन व चैकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में मानिकपुर पुलिस द्वारा दिनांक 01৷12৷2023 को चोरी किये गए 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और 1 नग मोटर साइकिल को जप्त करने में सफ्लता प्राप्त हुई है।दिनांक 01.12.2023 को सुचना प्राप्त हुई कि भदरापारा बालको निवासी भूपेश साहू उर्फ राहुल साहू चोरी के साइकिल और मोटर साइकिल को बेचने के लिए मानिकपुर क्षेत्र में ग्राहक तलाश रहा है। उक्त सूचना पर आरोपी भूपेश साहू को रेलवे कॉलोनी में घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये जगहों से 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और एक मोटरसाइकिल भ्थ् डीलक्स क्र ब्ळ 12 ।भ् 4103 को बरामद कर 41(1)(4)/379 द प्र स के तहत कार्यवाही कि गई है।

## स्कूल से घर जा रही छात्रा से हैवानियत पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा



पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले में स्कूली बच्ची के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है. स्कूल से घर जा रही छात्रा से आरोपी ने दुष्कर्म किया था. मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला रघुनाथनगर थाना क्षेत्र का है. मामले में वाड्रफनगर एसडीओपी रामवतार ध्रुव ने खुलासा करते हुए बताया कि रघुनाथनगर थाना क्षेत्र में थाने को शाम शिकायत मिली थी कि स्कूल से घर आ रही तीन नाबालिग बच्चियों का एक युवक रास्ता रोक लिया और एक मासूम को पकड़ लिया. वहीं अन्य बच्चियों को वहां से भगा दिया. उसके बाद आरोपी पास के अरहर की खड़ी फसल की आड़ में ले जाकर बच्ची से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. घटना की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल आरोपी की पतासाजी की और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया है.

आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेस कर जेल भेज दिया है.

## यूपी के दो बदमाश देने जा रहे थे रायपुर में बड़ी वारदात को अंजाम

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में उत्तरप्रदेश के दो गैंगस्टर गिरफ्तार किये गए हैं, इनके बारे में आशंका थी कि, ये छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में जाकर कोई बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। आरोपियों के पास से देशी कट्टा समेत कारतूस भी बरामद किया गया है। गौरेला पुलिस और आबकारी विभाग ने पीपरखूंटी में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रुकवाकर जब उसकी तलाशी ली तो इनमें से दो लोगों के पास एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस सहित एक वॉकी टॉकी का भी सेट मिला। जिस पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी करते हुए इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और पूछताछ में इन्होंने बताया कि रायपुर कट्टा और कारतूस को बेचने जा रहे थे हालांकि पुलिस इस बयान पर यकीन नहीं करते हुए आगे तफ्तीश शुरू कर दी है। जिले के पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि, दोनो आरोपियों में से एक उत्तरप्रदेश के कौशांबी का रहने वाला संतोष मिश्रा और दूसरा प्रयागराज का रहने वाला राजेश अग्रवाल है, जो कि रायपुर जाकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। जिस बाइक में आरोपी जा रहे थे वह बाइक भी चोरी की निकली है, जिसे उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से चोरी किया गया था। वहीं वॉकी-टॉकी की रेंज ढाई किलोमीटर आपस में संपर्क करने वाली थी। पुलिस दोनों आरोपियों के बारे में उत्तरप्रदेश की पुलिस के संपर्क कर और भी जानकारी जुटाने में लगी हुई है। आरोपियों के ऊपर उत्तरप्रदेश के प्रयागराज थाने में दो मामले दर्ज होने की बात शुरुआती तफ्तीश में सामने आयी है। फिलहाल दोनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



## एड्स के प्रति जागरूक करने विद्यार्थियों ने बनाई पोस्टर, ड्राइंग व रंगोली



पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी भिलाई में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्राचार्य वर्षा ठाकुर के कुशल निर्देशन में विद्यार्थियों के माध्यम से जनसमुदाय में जागरूकता लाने के लिए चित्रकला, पोस्टर निर्माण, रंगोली और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खास बात इस प्रतियोगिता में छात्र -छात्राओं दोनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कक्षा 10वीं की महिला विश्वकर्मा , तारणी साहू, अंजली साव, तरुण निर्मलकर, कुसुम साव, कुसुम कुमारी, मंजू यादव, मनिषा, विकास, कृपा सागर, रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की कुमारी अनामिका लोनिया, अंजली देवदास, कुसुम साव, अल्का यादव , सागर यादव, कुसुम कुमारी, विकास पटेल , निबंध प्रतियोगिता में महिमा विश्वकर्मा, तारिणी साहू , श्वेता साहू, सागर यादव ने भाग लिया। सभी बच्चों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने निबंध, पोस्टर और रंगोली के माध्यम से एड्स क्या है यह बीमारी किस प्रकार फैलता है बचाव के क्या क्या उपाय है इसे बड़ी खूबसूरती से बताया । प्राचार्य वर्षा ठाकुर ने कहा इस प्रकार के क्रिया कलाप से जागरूकता के साथ साथ विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभाएं सामने आती है। रंगोली प्रतियोगिता व्याख्याता प्रतिमा भारद्वाज के मार्गदर्शन में पोस्टर निर्माण व्याख्याता रूपेशवरी साहू, एशमी बंजारे निबंध प्रतियोगिता प्रतिभा बुरहान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता मैथ्यू , कर्महे, लुबना परवीन, संजय यादव, गौकरण यादव, रूखमणी विश्वकर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही।

**पी.जी.कॉलेज कुरूद में मनाया गया विश्व एड्स दिवस**

## रायपुर एम्स के चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं को दी एडस से संबंधित जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

कुरूद स्थित संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब तत्वाधान में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस का आयोजन रायपुर एम्स से पधारे चिकित्सकों की उपस्थिति में किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विमलेश तिवारी ने छात्र-छात्राओं को एड्स के कारण, लक्षण तथा उससे बचने के उपाय के बारे में विस्तारपूर्वक बताया, साथ ही डॉ. आकाश और डॉ. अश्विन ने भी एड्स से संबंधित जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। छात्र-छात्राओं के द्वारा एचआईवी. एड्स से संबंधित ढेर सारे प्रश्न डॉक्टर्स को पूछे गए साथ ही डॉक्टर्स के द्वारा भी कार्यक्रम के अंत में छात्र -छात्राओं से प्रश्न पूछे गए जिसका उत्तर बीएससी. की छात्रा चंचल चंद्राकर ने बहुत ही अच्छे तरीके से दिया। प्राचार्य डॉ. डी. के. राठौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे देश में एड्स पीड़ितो की संख्या कुल जनसंख्या का मात्र 0.31 % है और हमारा कर्तव्य है कि लोंगो को और अधिक जागरूक करके एड्स को फैलने से रोकें और साथ ही ये भी कहा कि जानकारी ही बचाव है द्य राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि धमतरी जिले में अभी तक कुल 372 एचआईवी संक्रमित पाये गए हैं जिसमें सें सवा सौ लोगों की मृत्यु एड्स से हो चुकी है, एड्स एक गंभीर बीमारी है जिसके बचना बेहद जरूरी है. महाविद्यालय में इस अवसर पर रंगोली, भाषण, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष हितनारायण टण्डन नें किया द्य धन्यवाद ज्ञापन रेड रिबन क्लब इकाई 02 के कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले नें किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक मोजेश साहू , देवव्रत साहू , तुलेश्वरी, केशव ध्रुव, भूपेंद्र, सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राए उपस्थिति रहे।



## रासेयो ने विश्व एड्स दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com

बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशक डॉ अशोक कुमार श्रोती, राज्य राष्ट्रीय सेवा योजनाअधिकारी डॉ.नीता बाजपेयी व अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा व जिला संगठक वाई के तिवारी के निर्देशन में तथा प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण मे,कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन व शासन प्रशासन के निर्देशन में बोईदा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व एड्स दिवस मनाया गया जिसमें एड्स घातक बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए एड्स से होने वाला समस्याओं से बचाव को अवगत कराया गया एवं क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए व घातक एचआईवी वायरस से बचकर रहते हुए जन जागरूकता की बात बताई गई जिसके तहत विश्व एड्स दिवस का एचआईवी से बचाव व जन जागरूकता हेतु शपथ कराया गया साथ ही निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया जिसमें निबंध में प्रथम दिव्या कंवर, द्वितीय वीरेंद्र कुमार यादव, तृतीय तुलसी पटेल व चित्रकला प्रथम ज्योति पोतें, द्वितीय लकेश्वर प्रसाद श्रीवास, तृतीय तुलसी पटेल, चतुर्थ दिव्या कंवर ने प्राप्त किया। इस मौके पर देवी दयाल सिंह,पुरुषोत्तम देवांगन, जितेंद्र कुमार नेटी,संजय पांडे, सुनील कुमार मिश्रा, परमेश्वर मराठा, जगत सर, रजनीश पाटनवार, किरण जांगड़े, श्यामा मरावी के जिसमें स्वयंसेवक प्रतीक्षा गेंदले,टीसा मरावी,भूमिका पटेल,चंदा पटेल,निशा पटेल,रितु पटेल,तोशिका पटेल।



# नागरिकता संशोधन कानून बहस को बढ़ावा

**नागरिकता** संशोधन कानून-सीएए पर अमित शाह के बयान ने बहस को बढ़ावा दे दिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में कहा कि नागरिकता संशोधन कानून-सीएए का क्रियान्वयन होगा। इसने जोरदार बहस व अनुमानों को हवा दे दी है। दिसंबर, 2019 में लाए जाने के बाद से ही सीएए विवादों का विषय बन गया है। इसका उद्देश्य पड़ोसी मुस्लिम बहुल देशों, जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान के उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है। उस समय इसका व्यापक विरोध और आलोचना हुई थी क्योंकि कुछ लोगों की नजर में इससे भारत के पंथनिरपेक्ष सिद्धान्त व धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकार प्रभावित होते थे। इस बार फिर शाह द्वारा सीएए के क्रियान्वयन पर दिए बयान से संदेह और चर्चा को बढ़ावा मिला है। राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर-एनआरसी से इसके जुड़ाव के कारण खासकर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ संभावित भेदभाव व पृथक्करण के भय से राष्ट्रव्यापी विरोध हुआ था। इन प्रदर्शनों पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि सीएए का उद्देश्य किसी समुदाय को नुकसान पहुंचाना नहीं है और इसका उद्देश्य केवल पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को सुरक्षित स्वर्ग प्रदान करना है। लेकिन इसके बावजूद कानून से जुड़ा विवाद बना रहा जिसके कारण इसके क्रियान्वयन को अनिश्चित काल तक टाल दिया गया। शायद उस समय सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डालना ठीक समझा। इस बीच अन्य मुद्दे सामने आ गए और सीएए को लगभग भुला दिया गया। लेकिन अमित शाह के बयान से यह एक बार फिर यह केन्द्रीय स्थान पर आ गया है।

समर्थकों का तर्क है कि सीएए एक मानवीय विचार है जो पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे लोगों को शरण देने का प्रस्ताव करता है। उनका कहना है कि यह भारत द्वारा उत्पीड़ित समुदायों को शरण देने तथा धार्मिक स्वतंत्रता सिद्धान्तों के पालन की परंपरा के अनुसार है। दूसरी ओर आलोचकों को भारत के 'पंथनिरपेक्ष' ढांचे पर कानून के संभावित प्रभाव के बारे में चिन्ता है। उनका तर्क है कि चयनित ढंग से धर्म के आधार पर नागरिकता प्रदान करने से सीएए धर्मिक जुड़ाव को अनदेखा कर सबके साथ समान व्यवहार के सिद्धान्त की अनदेखी करता है। आलोचकों को डर है कि इससे संविधान के पंथनिरपेक्ष मूलाधारों को चुनौती देने का उदाहरण स्थापित हो सकता है। इसके साथ ही सीएए निकटता से एनआरसी से जुड़ा है और इस प्रक्रिया का उद्देश्य अवैध आप्रवासियों की पहचान कर उनको देश से बाहर निकालना है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि सीएए को अदालतों में चुनौती दी गई थी और न्यायालयों ने उसे संविधान-सम्मत माना है। सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि उसका फिलहाल देश में एनआरसी लागू करने का कोई इरादा नहीं है, इसलिए सीएए को उसके साथ जोड़ कर भय पैदा करना अनुचित है। अमित शाह ने हालिया बयान विधानसभा चुनावों में मतदान के अंतिम दिन पश्चिम बंगाल में दिया, इसलिए इसे इन चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने के दृष्टिकोण से देखना भी उचित नहीं है। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान व अफगानिस्तान में हिंदुओं व सिखों का सुनियोजित ढंग से सफाया या धर्मांतरण कराया गया है जिससे उनकी संख्या वहां लगभग नगण्य हो गई है। ऐसे में उत्पीड़ित हिंदुओं और सिखों को भारत में शरण देने का कानून भारत की परंपरा के अनुरूप है तथा यह किसी प्रकार देश में रह रहे अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं है।

# रोजगार योग्य कौशल प्रशिक्षण

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना-पीएमकेवीवाई को उद्योगों से जोड़ा जाना चाहिए। कुशल प्रशिक्षितों को रोजगार और स्थानीय आर्थिक आवश्यकताओं में समन्वय जरूरी है।**



**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल विकास क्षेत्र से संबद्ध हैं)



वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना-पीएमकेवीवाई के अंतर्गत पिछले सात साल में 13.7 मिलियन उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया है। लेकिन इसमें से केवल 18 प्रतिशत या 2.4 मिलियन उम्मीदवार ही रोजगार प्राप्त करने में सफल हुए हैं। लोकसभा की एक स्थाई समिति ने इस कम 'प्लेसमेंट दर' पर चिन्ता प्रकट की है। समिति ने पैसे के उपयोग में कमी, ढांचागत कमियों, ड्रापआउट, उद्योगों से संपर्क के अभाव तथा राज्य की समुचित संलिप्तता के अभाव को महत्वपूर्ण समस्यायें माना है। कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए पीएमकेवीवाई को स्थानीय अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं से जोड़ा जाना चाहिए। वर्तमान समय में भारत के 530 मिलियन कार्यबल के केवल 2.4 प्रतिशत को ही औपचारिक व्यावसायिक शिक्षा या प्रशिक्षण प्राप्त है। इसका अर्थ है कि बहुसंख्य कार्यबल अकुशल है जिससे उसकी उत्पादकता कम है। इसके साथ ही भारत के कार्यबल के एक चौथाई की शिक्षा प्राथमिक स्तर से भी कम है। इससे बेरोजगारी दर घटाने में कौशल विकास कार्यक्रमों के महत्व पर जोर देने की आवश्यकता उजागर होती है। इसके बावजूद 'क्वार्टली पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे'-पीएलएफएस रिपोर्ट के नवीनतम डेटा के अनुसार बेरोजगारी दर 6.8 प्रतिशत तथा 15 से 29 वर्ष आयुवर्ग वाले नौजवानों में बेरोजगारी दर 17.3 प्रतिशत है।

पीएमकेवीवाई के तीन रूप रहे हैं। पीएमकेवीवाई 2.0 में प्रशिक्षित व नौकरी प्राप्त उम्मीदवारों की संख्या सर्वाधिक है। इनकी नौकरी प्राप्त करने की दर 19.5 प्रतिशत है। लेकिन यह दर पीएमकेवीवाई 3.0 में घट कर 5.8 प्रतिशत रह गई जो अब तक सबसे कम है। कुल मिला कर लगभग 11 मिलियन प्रशिक्षित उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र मिले हैं। सरकार को इनके सरोकारों को संबोधित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इसके लिए पीएमकेवीवाई को स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने तथा कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने की जरूरत है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया है जिनकी संख्या 1.59 मिलियन है, लेकिन राज्य में उनकी प्लेसमेंट दर केवल 20 प्रतिशत है। दूसरी ओर तेलंगाना में सर्वोच्च प्लेसमेंट दर 35.1 प्रतिशत है और इसके बाद 34.6 प्रतिशत के साथ पुडुचेरी दूसरे स्थान पर है। हरियाणा और पंजाब भी बहुत पीछे नहीं हैं जिनकी प्लेसमेंट दर क्रमशः 31.7 व 29.6 प्रतिशत है। लेकिन महाराष्ट्र और केरल को प्लेसमेंट दर ठीक करने में बहुत कुछ करना है जिनकी यह दर निराशाजनक रूप से 9.3 प्रतिशत व 10.4 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि एनएसडीसी ने मुख्यतः निजी व्यावसायिक प्रशिक्षणकर्ताओं से संबंध जोड़े थे क्योंकि उस समय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों-आईटीआई की संख्या बहुत कम थी। लेकिन एनएसडीसी के 3-4 महीने के संक्षिप्त कोर्स आईटीआई के 1-2 साल के कोर्स की तुलना में एक बड़ी चुनौती हैं जिससे निपटा जाना चाहिए।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2016-17 में कार्यक्रम फंड का सही प्रयोग नहीं हुआ और आबंटित धन के केवल 56 प्रतिशत का प्रयोग हुआ। हालांकि, इस आंकड़े में 2020-21 में सुधार हुआ और यह बढ़ कर 98 प्रतिशत हो गया, पर 2021-22 में यह गिर कर 72 प्रतिशत रह गया। लोकसभा स्थाई समिति के अनुसार कोविड-19 के कारण प्रशिक्षण व प्लेसमेंट आपरेशन को स्थगित रखना पड़ा जिससे भर्ती तथा प्रमाणन में काफी कमी आई। इसके परिणामस्वरूप पैसे का आबंटन और प्रयोग घटा।

उम्मीद की जाती है कि जनवरी, 2023 से लागू पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत जारी प्रशिक्षण से इसके पूरे होने तक खर्च में बढ़ोत्तरी होगी। 2008 में स्थापित एनएसडीसी साझा प्रशिक्षकों के साथ कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग करती है। लेकिन उद्योगों की सहभागिता तथा एनएसडीसी व उद्योगों के बीच समुचित संपर्कों का अभाव दूर किया जाना चाहिए। वर्तमान कौशल विकास कार्यक्रम कौशल की वास्तविक मांगों के अनुरूप नहीं हैं जिससे प्रशिक्षण व स्थानीय आर्थिक आवश्यकताओं में असंगति पैदा होती है। इसके कारण प्रदान किए जाने वाले कौशलों तथा बाजार की आवश्यकताओं में अंतर है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा खास कौशल का चयन बाजार मानकों के अनुसार होना चाहिए। दुर्भाग्य से कौशल केन्द्र व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त तरीके से लैस नहीं हैं जिसके कारण सैद्धान्तिक प्रशिक्षण को बहुत कम प्रायोगिक अवसर मिल पाते हैं। यह अस्वीकार्य है और इस खाई को दूर करने के कदम तत्काल उठाए जाने चहिए। लोकसभा की स्थाई समिति ने इस संबंध-विच्छेद को रेखांकित करते हुए सुझाव दिया है कि आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। समय आ गया है कि कौशल विकास कार्यक्रमों को उद्योगों की आवश्यकताओं से जोड़ना सुनिश्चित किया जाए तथा दिए जाने वाले कौशल व बाजार आवश्यकताओं के बीच की खाई पाटी जाए।

इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा 2016 व 2021 के बीच कराए एक अध्ययन से स्पष्ट होता है कि पीएमकेवीवाई में पंजीकृत 20 प्रतिशत उम्मीदवारो ने बची में ही इसे छोड़ दिया। इसके कारण चिकित्सकीय मुद्दे, परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक चुनौतियां, आजीविका की बढ़ती मांग, रोजगार के सीमित अवसर तथा कौशल में ठहराव हैं। महिला उम्मीदवारों का ड्रापआउट गर्भावस्था या विवाह के कारण भी था। स्थाई समिति ने सुझाव दिया कि मंत्रालय को उम्मीदवारों के ड्रापआउट के कारणों को तत्काल संबोधित करना चाहिए जिनमें प्रशिक्षण केन्द्रों की दूरी तथा रोजगार तक पहुंच शामिल हैं। महिला ड्रापआउट के लिए समिति का सुझाव था कि मंत्रालय को आशा व आंगनबाड़ी केन्द्रों से संपर्क कर कौशल के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करनी चाहिए तथा महिलाओं को प्रसव के बाद यथाशीघ्र इनमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। भारत के सभी जिलों में 818 प्रधानमंत्री कौशल केन्द्रों-पीएमकेकेएस में से केवल अब तक 722 स्थापित हुए हैं। यह स्थिति अस्वीकार्य है। बाकी केन्द्रों में से 58 पीएमकेकेएस को निजी वेंडरों द्वारा आपरेशनल कठिनाइयों के कारण सरकार को वापस कर दिया गया। इस मुद्दे पर सरकार को तत्काल ध्यान देना चाहिए। सक्षम प्रशिक्षकों की कमी से भी अनेक केन्द्र आपरेशनल नहीं हो पाए हैं। समस्या समाधान के लिए सरकार को पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत राष्ट्रीय आंकलनकर्ताओं व प्रशिक्षकों का एक पूल बनाना चाहिए। सरकार को यह सुनिश्चित करने के आवश्यक कदम उठाने चाहिए कि पीएमकेवीवाई कार्यक्रम एक कुशल कार्यबल गठित करने तथा भारत में बेरोजगारी घटाने में सफल हो।

विभिन्न आर्थिक व रोजगार इतिहास के चलते राज्यों की भिन्नतायें सीमित राज्य सहभागिता का कारण हैं। कृषि कार्यबल पर निर्भरता के कारण कुछ राज्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना पर ज्यादा निर्भर रहते हैं, वहीं महाराष्ट्र या तमिलनाडु जैसे राज्यों में रोजगार के ज्यादा अवसर हैं। इसलिए स्थानीय, मांग-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है ताकि रोजगार योजनाओं का विस्तार महानगरों से दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों तक किया जा सके। इससे खास क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने में आसानी होगी। 2016-20 में पीएमकेवीवाई ने राज्य सहभागिता शुरू की थी ताकि प्रशिक्षण को स्थानीय आवश्यकताओं और महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप ढाला जा सके। लेकिन इस माडल में अनेक समस्यायें सामने आईं। आनलाइन प्रबंधन आवश्यक होने के कारण केवल 15 राज्य व संघशासित क्षेत्र ही केन्द्र सरकार से समन्वय बना सके। इस व्यवस्था का सभी राज्यों तक विस्तार करने की आवश्यकता है ताकि कार्यक्रम सुगमता से चल सके। कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए पीएमकेवीवाई को उद्योगों से जोड़ा जाना चाहिए। इससे कौशल प्रशिक्षित उम्मीदवारों को रोजगार मिलना सुनिश्चित होगा। समय आ गया है कि कार्यक्रम के समक्ष उपस्थित चुनौतियों से निपटने के लिए साहसी कदम उठाए जांए ताकि इसकी लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।

# भारत-आस्ट्रेलिया संबंधों का स्वरूप

> “एक सप्ताह बाद संकट से निपटने में अपनी चतुराई के कारण अर्नोल्ड डिक्स भारत में एक प्रसिद्ध व्यक्ति बन गए हैं।”



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

इस सप्ताह एक चमत्कार हुआ, जब एक जीव की तरह काम करने वाले लगभग 1000 लोगों के संयुक्त प्रयास और लाखों लोगों की प्रार्थनाओं ने अठारह दिनों में 41 फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए एक पहाड़ को गिराने में कामयाबी हासिल की। जबकि बहुत कुछ लिखा गया था और घंटों की सामग्री बनाई गई थी, मौत को मात देने वाली, मानव बनाम/प्रकृति के साथ करतब को लिपिबद्ध करते हुए, ऐसे नायकों में से एक था जो एक अकेले प्रकाशस्तंभ की तरह खड़ा था, जो मुश्किल भू-भाग में बड़े जहाजों के लिए रास्ता बता रहा था। निकासी प्रक्रिया में सहायता के लिए ऑस्ट्रेलिया के एक अंतरराष्ट्रीय सुरंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स को पहले 17-दिवसीय ऑपरेशन में शामिल किया गया था। यह विशेषज्ञ, आवश्यक पेशेवर सहायता प्रदान करने के अलावा, शायद बचाव अभियान का सबसे उल्लेखनीय चेहरा था, स्थानीय देवता के मंदिर में प्रार्थना करता था, मिशन की सफलता के बारे में मीडिया के साथ अपने साक्षात्कारों में आत्मविश्वास से भरा था और आशा लेकर आया था लाखों लोगों ने फंसे हुए खनिकों के लिए प्रार्थना की। एक सप्ताह पहले, अधिकांश भारतीयों या कम से कम क्रिकेट प्रशंसकों ने आस्ट्रेलियाई लोगों को लताड़ने के लिए पलक नहीं झपकाई होगी, क्योंकि उन्होंने भारत को विश्व कप की ओर अग्रसर होने के सपने में हरा दिया था। एक सप्ताह बाद संकट से निपटने में अपनी चतुराई के कारण अर्नोल्ड डिक्स भारत में एक प्रसिद्ध व्यक्ति बन गए हैं।



संकेत लेते हुए, दोनों देशों के शीर्ष नेता भी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर अधिक सहयोग के लिए 2+2 वार्ता में अपनी भू-राजनीतिक रणनीति को अंतिम रूप देने में व्यस्त थे। वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में उल्लेख किया गया कि दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक वार्ता यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दोनों देश प्रमुख हिंद महासागर तटरेखाओं को साझा करें, और एशिया और प्रशांत महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग का सकारात्मक एजेंडा साझा करें, उनके सहयोग से काम किया जा सके। एक खुले, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत को सुदृढ़ करें। जैसा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया सीएसपी लोकतंत्र और बहुलवाद, कानून के शासन और एक बहुआयामी द्विपक्षीय एजेंडे के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना जारी रखता है, मंत्रियों ने दोहराया कि लैंगिक समानता मौलिक महत्व का है और सभी महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण में निवेश है। सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण है। मंत्रियों ने हिंद-प्रशांत में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन, नेविगेशन और उड़ान की स्वतंत्रता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। मंत्रियों ने सभी समुद्रों और महासागरों में अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूएनसीएलओएस) के अनुरूप अधिकारों और स्वतंत्रता का प्रयोग करने में सक्षम होने के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता भी शामिल है, ताकि चुनौतियों का समाधान किया जा सके। समुद्री नियम-आधारित व्यवस्था, जिसमें पूर्व और दक्षिण चीन सागर भी शामिल हैं। उन्होंने विवादों को बिना धमकी या बल प्रयोग या यथास्थिति को एकतरफा बदलने के किसी भी प्रयास के बिना अंतरराष्ट्रीय कानून द्वारा शांतिपूर्वक हल किए जाने के महत्व को रेखांकित किया, और देशों को उन गतिविधियों के संचालन में आत्म-संयम बरतना चाहिए जो शांति को प्रभावित करने वाले विवादों को जटिल या बढ़ा सकते हैं। स्थिरता. उन्होंने विवादित सुविधाओं के सैन्यीकरण, तट रक्षक और समुद्री मिलिशिया जहाजों के खतरनाक उपयोग और अन्य देशों की अपतटीय शोषण गतिविधियों को बाधित करने के प्रयासों के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। यह सब भारत के करीबी सहयोगी श्रीलंका द्वारा रणनीतिक हंबनटोटा बंदरगाह शहर में लगभग 4.5 बिलियन डॉलर के चीनी निवेश की अनुमति देने की पृष्ठभूमि में हो रहा था। हंबनटोटा वस्तुतः भारत के पिछवाड़े में है और भारतीय महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर चीन को रणनीतिक पहुंच प्रदान करता है। चीनी शिपिंग कंपनी के पास पहले से ही हंबनटोटा बंदरगाह का स्वामित्व है। संयुक्त वक्तव्य में भारत और ऑस्ट्रेलिया द्वारा मजबूत प्रतिबद्धता का उल्लेख क्षेत्रीय मुद्दों को संयुक्त रूप से संबोधित करने की प्रतिबद्धता का एक प्रदर्शन था, जिसमें चीनी शार्क अपने महासागरों में छिपी हुई थीं। शायद अर्नोल्ड भारत-ऑस्ट्रेलियाई संबंधों से जो अभी तक सामने आना बाकी है उसका एक बड़ा प्रतीक था।

## आप की बात



**आप की बात**

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### रूस में तानाशाही

**तानाशाह** अपने नागरिकों के सारे अधिकारों को खत्म कर आलोचकों एवं विरोधियों को मौत के घाट उतार देते हैं या उन्हें जेल में डाल देते हैं। इनसे एक कदम आगे बढ़ कर रूस विदेशी आगुन्तकों की भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए एक बिल जल्द ही रुसी संसद में पेश करने जा रहा है। यह कानून सभी विदेशियों को एक प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर करने के लिए बाध्य करेगा। इससे तय होगा कि वे रूस में रहते हुए क्या कह सकते हैं और क्या कर सकते हैं। इसे वफादारी समझौते का नाम दिया गया है। रूसी अधिकारियों की गतिविधियों में हस्तक्षेप करने तथा रूस की विदेश व घरेलू नीति, और सरकारी अधिकारियों को किसी भी रूप में बदनाम करने को हर दंडनीय अपराध बना दिया जायेगा। मतलब तानाशाही की आग से अब केवल रुसी ही नहीं बल्कि विदेशी नागरिक भी जलेंगे। ऐसा लगता है कि रूस में पुतिन की तानाशाही अब चीन व उत्तर कोरिया तथा अन्य देशों की तानाशाही को भी पीछे छोड़ देगी। यह स्थिति सारी दुनिया के देशों तथा लोकतंत्र को पसंद करने वाले नागरिकों के लिए चिन्ता का विषय है और दुनिया में वर्चस्व स्थापित करने की इन तानाशाहों की इच्छा विश्व शांति तथा संपूर्ण धरती के अस्तित्व को संकट में डाल सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### भारत-विरोधियों को संरक्षण

**अमेरिका** की अदालत में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा दायर मुकदमे में कहा गया है कि किसी भारतीय अधिकारी के कहने पर उसके नागरिक की हत्या करने की साजिश रची है। यह कदम बिना किसी सबूत के उठाया जाना निंदनीय है। यह भारत पर दबाव बनाने के लिए भारत-विरोधी तत्वों को संरक्षण देने की चाल है। भारत ने पहले ही इस मामले पर उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर दी है। यह खालिस्तानी कमांडर पन्नू के मामले को लेकर की गई कार्यवाही है जो भारत सरकार द्वारा घोषित आतंकवादी है। ऐसे में उसे गिरफ्तार कर भारत प्रत्यर्पण किया जाना चाहिए। इसके बजाय अमेरिकी अधिकारी उसे बचाने और विश्व में भारत की साख कम करने का घिनौना काम कर रहे हैं। स्पष्ट है कि भारत-अमेरिकी संबंधों और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय हालातो में अमेरिका को भारत की ज्यादा जरूरत है। भारत द्वारा घोषित आतंकवादियों को विश्व का कोई भी देश यदि शरण और शह देता है तो भारत को कड़ा रुख जाहिर करना चाहिए। खुशी की बात है कि वर्तमान मोदी सरकार दुनिया के किसी भी देश के सामने झुकने को तैयार नहीं है और उसके लिए राष्ट्रहित ही सर्वोपरि है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### पति-पत्नी संबंध

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट द्वारा की गई टिप्पणी बेहद महत्वपूर्ण और समाज को आईना दिखाने वाली है कि पति-पत्नी के छोटे-मोटे झगड़े को क्रूरता नहीं माना जा सकता। सर्वविदित है कि तेजी से बदलते पारिवारिक व सामाजिक परिवेश में पति-पत्नी के बीच मामूली झगड़े भी न केवल पारिवारिक कलह बल्कि तलाक का कारण बनते जा रहे हैं। हाईकोर्ट की यह टिप्पणी पति-पत्नी विवादों को समझने-समझाने में महत्त्व पूर्ण होगी। परिवार, समाज और कानून के रखवालों को यह समझना जरूरी है कि पारिवारिक जिम्मेदारी निभाते हुए पति-पत्नी में तनाव एक सामान्य बात है। परिवारों को अधीरता और संवेदनहीनता से बचना होगा। लेकिन इसके साथ ही महिला-अधिकारों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। आज भी महिलाओं को अनेक लोग दोयम दर्जे का समझते हैं और उनके साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं। पति-पत्नी संबंधों में समता, समानता तथा परस्पर सम्मान की भावना को सर्वोपरि रखते हुए महिलाओं को अधिकाधिक संभव स्पेस दिया जाना वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

# बेमेतरा से दीपेश साहू, नवागढ़ से दयाल बघेल साजा से ईश्वर साहू हुए विजयी





पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा में इस बार भारी उलट फेल हो गया जिसके चलते नवागढ़ साज़ा बेमेतरा बीजेपी की प्रत्याशी चुनाव विजय से प्राप्त किया इसमें नवागढ़ से पूर्व मंत्री दयाल दास बघेल विजय हुए उन्होंने वर्तमान मंत्री गुरु रुद्र कुमार गुरु को पराजित किया वही साज़ा विधानसभा क्षेत्र में पूरे प्रदेश की जहां सब की निगाहें लगी हुई थी वहां पर सारे समीकरण से हटकर भाजपा के ईश्वर साहू ने कद्दावर नेता एवं छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे को भारी वोट से पराजित किया इसी तरह बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के दीपेश साहू विजय रहे इसके साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और डीजे बजा कर अपनी खुशी इज़हार किया। शुरुआत में जैसे-जैसे लोगों को जानकारी होती है वैसे-वैसे कृषि उपज मंडी के दोनों गेट की तरफ दोनों पार्टी के कांग्रेस में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित हुए थे। लेकिन जैसे-जैसे राउंड में अलाउंस होता गया वैसी वैसी बीजेपी के कार्यकर्ता उत्साहित होकर जिंदाबाद के नारा लगाने लग गए इसके साथ ही कई जगह आतिशबाजी भी होने लगा। जिला मुख्यालय में स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में रविवार को बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ साज़ा एवं बेमेतरा के लिए हुए मतदान को स्ट्रांग में रखा गया था जिसे निर्धारित समय पर विभिन्न राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति स्ट्रांग रूम से निकल गया इसके बाद जैसे-जैसे ईवीएम मशीन की गिनती शुरू हुई वैसे-वैसे स्थिति स्पष्ट होने लग गया।

## शुरुआत से ही नवागढ़ साज़ा बेमेतरा में कांग्रेस प्रत्याशी बिछड़ने लगे

निर्धारित समय पर तीनों विधानसभा में हुए मतदान की गिनती टीवीएम मशीन से शुरू हुई और तीनों विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कभी बढ़त नहीं ले पाए पहले राउंड में जहां आशीष छाबड़ा ने लगभग हजार 1100 वोट की बढ़त दिया लेकिन उसके बाद से जो पीछे होते चले गए वह आखिरी राउंड तक पीछे ही रह गए जबकि साजा विधानसभा क्षेत्र में तथा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी लगातार अपनी बढ़त बनाए रखें जो अंत तक जारी रहा। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की प्रत्याशी गुरु रूद्र गुरु लगातार पिछड़ते गए और पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार दयाल दास बघेल पहले राउंड से ही बढ़त बनाए रखें जो आखिरी तक के बढ़त बना हुआ रहा इसी तरह साजा विधानसभा क्षेत्र मे बीते दिनों बीरमपुर के भुनेश्वर साहू की हत्या हो गई थी जिनके पिता ईश्वर साहू को भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी बनाया गया था जिन्होंने कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे को करारी शिकस्त देते हुए चुनाव में विजय रहे यहां पर उल्लेखनीय है कि हर राउंड में ईश्वर साहू रविंद्र चौबे से आगे रहे और अपनी बढ़त को बरकरार रखा जिसके कारण रविन्द्र चौबे को करारी हार का सामना करना पड़ा।

## जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में वोट की स्थिति

बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 22 राउंड तक मतगणना हुआ इस संबंध में समाचार लिखे जाने तक दयाल दास बघेल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी गुरु रुद्र कुमार गुरु से 19598 वोट से आगे चल रहे थे इसी तरह साजा विधानसभा क्षेत्र में समाचार लिखे जाने तक भाजपा प्रत्याशी ईश्वर साहू अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रविंद्र चौबे कांग्रेस प्रत्याशी से 6900 वोट से आगे चल रहे थे जबकि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दीपेश साहू ने 8978 वोट की बढ़त लेकर कांग्रेस प्रत्याशी आशीष छाबड़ा से आगे चल रहे थे यह अंतिम आंकड़ा नहीं है

# विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





शासकीय नवीन महाविद्यालय दाढ़ी में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर समुदायों को नेतृत्व करने दें के थीम पर संस्था के प्राचार्य डा. कमलेश दुबे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है ताकि एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके, उन लोगों की स्मृति की जा सके जो चले गए हैं, और उन लोगों के समर्थन का संकेत दिया जा सके जो एचआईवी के साथ जी रहे हैं। यह एक वैश्विक पहल है शिक्षा को बढ़ावा देने, समृद्धि की लड़ाई देने, और एचआईवी के प्रभाव की समझ को बढ़ावा देने की। यह दिन यह भी याद दिलाता है कि एचआईवी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए परीक्षण, रोकथाम, और उपचार सेवाओं के पहुंच का महत्व है। कार्यक्रम में विषय प्रवक्ता के रूप में मुख्य अतिथि डॉक्टर सतीश शर्मा सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा, डॉक्टर पंचराम पीएचसी दाढ़ी उपस्थित रहें। साथ कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय के उद्बोधन से किया गया। बच्चों को इस बीमारी एवं बचाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया साथ ही साथ महाविद्यालय के द्वारा जन जागरूकता रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया गया। समुदाय आधारित नेतृत्व की भी जानकारी दी गई साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में वह वर्तमान में इस बीमारी की स्थिति से अवगत कराया गया। साथ ही साथ पूर्ण बचाव के उपाय भी बताए गए। इस कार्यक्रम में, प्राथमिक शाला दाढ़ी के प्रधान पाठक चंद्रभान धुर्वे तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण सहित समस्त बच्चे उपस्थित थे।

# कवर्धा में हारे अकबर, पंडरिया में भी खिला कमल



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले की दोनों विधानसभा सीटों पंडरिया और कवर्धा के नतीजे आ गए हैं। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक व मंत्री मोहम्मद अकबर को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा ने मंत्री अकबर को 41 हजार 376 मतों से हराया है। खास बात यह है कि वर्ष 2018 के चुनाव में मोहम्मद अकबर 60 हजार मतों से जीते थे। लेकिन इस बार करारी हार का सामना करना पड़ा है। इसी प्रकार पंडरिया में भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। यहां से कांग्रेस के नीलू चन्द्रवंशी को भाजपा की भावना बोहरा ने करीब 28 हजार वोटों से हराया है।



**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी इंद्र कुमार साव अपना विजय पत्र लेते हुए।

# अवैध गांजा तस्करी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के रोकथाम हेतु पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग बी.एन. मीना के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बालोद जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुरूर बोनीफास एक्का के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी पुरूर निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस थाना पुरूर की टीम को अवैध मादक पदार्थ गांजा के अवैध परिवहन रोकने में सफलता हासिल की गई। संक्षिप्त इस प्रकार है कि अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं परिवहन के रोकथाम हेतु पुलिस थाना पुरूर के पुलिस पार्टी को निर्देश प्राप्त हुआ था। कि 2 दिसंबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद रंग की हुण्डई वाहन कार में दो लोग अवैध रूप से गांजा रखकर कांकेर की ओर से रायपुर की ओर जा रहे है कि सूचना पर निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के हमराह पुलिस स्टाफके ग्राम जगतरा दुर्गा मंदिर के पास एन.एच.30 मार्ग पर रवाना होकर वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की जा रही थी उसी दौरान एक सफेद रंग की हुण्डई वाहन कारआया जिसे रोककर नाम पता पूछने पर ड्रायवर सीट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम सोईल खान उर्फसाहेल पिता जमालुद्दीन खान उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम खैरवा जागिर थाना मनावर जिला धार (म0प्र0) एवं बगल सीट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम अकबर खान पिता बाबू खान उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम खैरवा जागिर थाना मनावर जिला धार (म0प्र0) का रहने वाल बताया तलाशी लेने पर हुण्डई वाहन कार के पीछे सीट के पीछे भूरे रंग के बैग में 06 पैकेट मादक पदार्थ गांजा जिसे एक सफेद रंग की बोरी में भरकर कुल वजनी 10.200 किग्रा0 किमती 1,02,000/ रू0 मिला एवं घटना में प्रयुक्त हुण्डई वाहन जिसका सामने का कांच तड़का हुआ वाहन कार लगभग 8,00,000/ रू0 व आरापीयों के कब्जे से 25,000 रु0 नगद व मोबाईल व अन्य दस्तावेज कुल जुमला 9,28,000/ रूपये को जप्त कर लिया है।

# कुम्हारी कॉलेज में हेल्थ कैंप सम्पन्न





पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्व. बिंदेश्वरी बघेल नवीन शास. महाविद्यालय, में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारी के अधिकारी और कर्मचारियों के सहयोग से आयोजित इस कैंप में विद्यार्थियों के रक्त समूह की जांच की गई । महाविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने इस कैंप में परीक्षण करवाकर लाभ उठाया । कार्यक्रम के प्रारंभ में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी की संयोजिका एन. जयश्री द्वारा इस सोसायटी के महत्वपूर्ण उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया और सहायक प्राध्यापक नेहा वर्मा द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस को मनाए जाने के महत्व को विद्यार्थियों के मध्य साझा किया गया । इस कार्यक्रम के संचालन में छात्र छात्राओं में योगेश्वरी मानिकपुरी, राकेश रजक, सागर, रिया और चंचल इत्यादि का सक्रिय सहयोग रहा तथा महाविद्यालय के प्राध्यापको की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

# स्व. बिंदेश्वरी बघेल शास. नवीन महाविद्यालय कुम्हारी में विश्व एड्स दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं




पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्व. बिंदेश्वरी बघेल शास. नवीन महाविद्यालय, कुम्हारी में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा सहा. प्राध्यापक एन जयश्री और सह संयोजक नेहा वर्मा के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता का सफल संयोजन कर सम्पन्न किया गया । सर्वप्रथम महाविद्यालय से विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता संबंधी नारे लगाए जाते हुए रैली निकली, जो कुगदा बस्ती तक पहुंची तत्पश्चात पुनः महाविद्यालय परिसर पहुंच कर सम्पन्न हुई । महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता हुई, जिसमे दुर्गेश्वरी यादव प्रथम, निशा साहू द्वितीय, मुस्कान ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं । चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशबू नायक, द्वितीय स्थान पर शमिमा, तृतीय स्थान पर दुर्गेश्वरी यादव, दामिनी श्रीवास और मीनू कुर्रे रहीं । इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में खिलेश्वरी साहू, लुकेश्वरी साहू प्रथम स्थान, मीनू कुर्रे, खुशबू ठाकुर और राबिया परवीन द्वितीय स्थान पर तथा गायत्री साहू, मानसी यादव तृतीय स्थान रहीं । प्रतियोगिताओं के विभिन्न स्तरों पर प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं ने अपनी कलाओं का प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रीना मजूमदार ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अति संवेदनशील गंभीर विषय एड्स के संबंध में अपने बहुमूल्य तथ्यपरक विचारों को प्रस्तुत किया और इस सम्बंध में महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित करते हुए कहा कि-÷एड्स एक गंभीर समस्या है, जिस पर सभी को मिलकर कार्य करना जरूरी है । संवेदनशीलता और जागरूकता के माध्यम से ही हम इस महामारी को हरा सकते है। सुरक्षित रहें, जागरूक रहें। इस कार्यकम के माध्यम से एड्स से संबंधित संदेशों को साझा किया गया । इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों व समस्त कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसम्बर 2023 के सफल आयोजन के संबंध में अध्यक्ष / जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार शास्त्री के निर्देशन में प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स सुसोनिया सिंह, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, देवेन्द्र कुमार यादव, चंद्रकिशोर सिंह, पवन कुमार साह, चेतन सिंह द्वारा ग्राम जांता, ठेलका, साजा, गुसवा, खंडसरा, थानखम्हरिया एवं कलेक्टोरेट बेमेतरा, जिला सहकारी बैंक बेमेतरा, सोसायटी खिलोरा में 16 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुये लोगों को बताया कि यदि उनके या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला न्यायालय में लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर ऐसे मामलों को उभयपक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर निराकृत करा सकते है। उन्हें बताया गया कि लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते है, उसकी कोई अपील नहीं होती है। न्याय शुल्क यदि लगा हो तो न्यायालय द्वारा उसे वापस प्रदान करने का आदेश दिया जाता है। राजीनामा के आधार पर निराक्त मामलों में उभयपक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराकम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, जलकर, संपित्तकर, विद्युत बिल बकाया प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है।

# आस्था समिति द्वारा एड्स की रोकथाम के लिए किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com







आस्था समिति कवर्धा - 01 दिसम्बर -2023 विश्व एड्स दिवस के अवसर पर परियोजना द्वारा शा. गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय स. लोहारा जिला कबीरधाम में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर HIV एड्स के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि डॉ. बाबूलाल राज - जिला नोडल अधिकारी, विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय खरसन - खण्ड चिकित्सा अधिकारी स. लोहारा , दौलत राम कश्यप - आस्था समिति -अध्यक्ष , के. एस. परिहार - सहायक प्राध्यापक, बालाराम साहू - रेडक्रास सोसाइटी- जिला समन्वयक, सुसंगीता भगत वि. खण्ड कार्यक्रम अधिकारी स. लोहारा, मोना बर्मन, संदीप सोनकर सहा. प्रध्या.) नरेश साहू एचआईवी परामर्शदाता , नितिन सोनी, बी. पी. गहरवार एवं आस्था समिति परियोजना के सभी स्टॉफें की उपस्थिति रही।

उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चलचित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर एवं कैंडल जलाकर किया गया। उपस्थित सभी सम्माननीय अतिथियों का बैच एवं नाको का रेड रिबन लगाकर सम्मानित किया गया।

डॉ बी एल राज ( कार्यक्रम के मुख्यअतिथि) द्वारा एचआईवी एड्स के रोकथाम हेतु एवं जागरूकता लाने के के उद्देश्य से एचआईवी एड्स क्या है एवं कैसे फैसला है और कैसे बचे जा सकते है। देश दुनिया में एचआईवी वायरल कैसे प्रभावित कर रही है। प्रवासी, ट्रकर्स, आईडीयू , एसएएस, टीजी एवं महिला यौन कर्मियों द्वारा एचआईवी तेजी से बढ़ रही है तथा एचआईवी वायरल से समुदाय के लोग अनजान है जिसमे जागरूकता की आवश्यकता है। आगे महा. वि. के विद्यार्थीयों से कहाँ की समुदाय को नेतृत्व करने दे।

**डॉ संजय खरसन** - खण्ड चिकित्सा अधिकारी स. लोहारा द्वारा इस अवसर पर एचआईवी होने तथा बचाव के प्रमुख चार कारणों की जानकारी दिए और कहाँ की पुरे सरकारी स्वास्थ्य सेवा आप सभी के लिये निःशुल्क है। हम सबको अपना एचआईवी का स्टेटस पता होना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को खून का आदान प्रदान की आवश्यकता होने पर किसी मान्यता प्राप्त ब्लड बैंक से ही लेवे।

**बालाराम साहू** - जिला समन्वयक -रेडक्रास सोसाइटी ने एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता करतें हुए कहाँ की एचआईवी की जानकारी ही बचाव है दुनिया में एचआईवी के प्रति लोग अनजान है कैसे फ़ैलते है एवं कैसे बचे जा सकते की जानकारी दिए।

**दौलतराम कश्यप** (आस्था समिति के अध्यक्ष) ने बताया की संस्था स्वास्थ्य के मुद्दों पर विगत 20 वर्षो से सफ्लतापूर्वक कबीरधाम एवं राजनांदगांव जिले में एचआईवी के रोकथाम हेतु कार्य कर रही है। चाइल्ड लाइन टोल फ्री नम्बर 1098 पर कबीरधाम एवं मुंगेली जिले सफ्लता से कार्य किये एवं राज्य में अलग अलग कार्य एवं मुद्दों पर शासन के साथ मिलकर कार्य करने अनुभव रहा। कश्यप ने उपस्थित विद्यार्थियों को एचआईवी के लिये स्वयं, परिवार एवं समाज को जागरूक होने की आवश्यकता है। आगे नारे के माध्यम से कहाँ की ÷जान है तो जहाँ एचआईवी की जानकारी ही बचाव है। जाँच कराना है और अपना फर्ज निभाना है। के. एस. परिहार - सहा. प्राध्यापक ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को स्वयं तथा समाज को जागरूक कर इस वायरस से दूर रहने की सलाह दिए।

**नरेश साहू** - परामर्शदाता - ने विंडो पीरियड, एचआईवी के साथ जी रहें लोगों की स्थिति, एचआईवी जाँच हेतु परामर्श व गोपनीयता, आईसीटीसी की जानकारी एवं एआरटी सेंटर की जानकारी दिए।

राजेश गोयल पीएम द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया इस दौरान आगे जानकारी दिया की राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा हेल्प लाइन नम्बर 1097 जारी किया गया है जो निःशुल्क है एवं इससे सम्बंधित कोई भी सहायता लिया जा सकता है। किसी को जाँच के दौरान यदि सकारात्मक आया तो उन्हें अनिवार्य रूप से एआरटी सेंटर से नियमित रूप से सलाह एवं दवा सेवन करतें रहने की आह्वान किया।

कार्यक्रम में एचआईवी जागरूकता अभियान के दौरान महाविद्यालय के लगभग 250 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही एवं एचआईवी एड्स की जागरूकता हेतु विद्यार्थियों द्वारा 20 से अधिक रंगोली, गीत एवं कविता के माध्यम से जागरूक किये। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु डॉ राजेंद्र प्रसाद जांगड़े (ट्रकर्स- डॉक्टर ) कोमल निर्मलकर, मनीषा जांगड़े, रामनुज पाली, रानी टंडन, सहजादी खान, रामकली मंडावी, सम्पूरण वर्मा, रामाडीदेव पटेल एवं दशोदा साहू की उपस्थिति रही।

# भूपेश बघेल जीते पाटन विधानसभा से किंतु कुम्हारी पालिका क्षेत्र में बढ़त मिली विजय बघेल को




पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

रविवार को हुए मतगणना में पाटन विधानसभा से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जीत मिली है लेकिन कुम्हारी पालिका क्षेत्र के 29 बूथों में पड़े मतों की गिनती में कांग्रेस को निराशा हाथ लगी है । ज्ञात हो कि 24 वार्डो के मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी के घोषणाओं को दरकिनार करते हुए भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को कुम्हारी से बढ़त दिया है, 29 बूथों में हुए मतदान में कुम्हारी की जनता ने भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को 148 मतों से अधिक मत देकर कांग्रेस को आश्चर्यजनक रूप से बड़ा झटका दिया है । कुम्हारी नगर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा क्षेत्र में उन शहरी क्षेत्रों में गिना जाता था जहां नगर की सरकार भी कांग्रेस की ही थी । नगर पालिका होने साथ ही शहरी इलाकों के मतदाताओं ने भाजपा के विजय बघेल पर विश्वास जताते हुए बड़ी बढ़त दी है वहीं कुम्हारी बस्ती के 9 वार्डो में कांग्रेस के भूपेश बघेल को ज्यादा मत मिला है । जंजगिरी के चारों बूथों में भाजपा को बढ़त के साथ रामपुर के दोनों बूथों में कांग्रेस की जीत हुई है वहीं परसदा के दो वार्डो पड़े मत में एक में भाजपा व एक मे कांग्रेस को जीत मिली है । कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 10, 14 व 15 में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है ।

# चंद्रपुर के सर्वोदय पब्लिक स्कूल में हुई इंटर स्कूल साइंस आर्ट्स एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com






सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर, चन्द्रपुर में इंटर स्कूल साइंस आर्ट्स एवं क्राप्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अन्य 9 विद्यालयों ने अपनी सहभागिता दर्ज करायी जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर अंग्रेजी माध्यम स्कूल चन्द्रपुर, सरस्वती शिशु मंदिर हिन्दी माध्यम स्कूल चन्द्रपुर, चन्द्रहासिनी विद्यापीठ मिरौनी, कामधेनु पब्लिक स्कूल तुलसीडीह, श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल डभरा, भारत माता पब्लिक स्कूल पुजेरीपाली सरिया, शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल डभरा, गुरुद्रोण मॉडल स्कूल बरमकेला, संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती, के विद्यार्थियों मे विज्ञान, हस्तकला, शिल्पकला, चित्रकला वाणिज्य एवं रोबोटिक (कृत्रिम एजेंट) से संबंधित विभिन्न मॉडल उनके क्रियाकलाप, कार्यकलाप एवं दैनिक जीवन में उसके उपयोग को बताया गया,सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर प्रारंभ से ही अपने अंचल में उत्कृष्ट व ख्यातिलब्ध विद्यालय रहा है इंटर स्कूल साइंस आर्ट्स एवं क्राप्ट प्रतियोगिता में विज्ञान से संबंधित 79 मॉडल, रोबोटिक 12 मॉडल कुल 91 मॉडल व हस्तकला, शिल्पकला एवं चित्रकला के आकर्षक व मनभावन कलाकृतियों से सुसज्जित किया गया था जो लोगों के आर्कषण का केन्द्र बना हुआ था। सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चन्द्रपुर में छात्र/छात्राओं के प्रतिभा को निखारने का काम किया जाता है, इंटर स्कूल साइंस आर्ट्स एवं क्राप्ट प्रतियोगिता के विज्ञान से संबंधित मॉडल को 5 वर्गों में विभाजित किया गया था जिसमें कक्षा 1 से 2 में प्रथम स्थान पर हर्षित पटेल दुसरे स्थान पर प्रखर साहू तीसरे स्थान पर आदित्य मैत्री रहे कक्षा 3 से 5 में प्रथम स्थान पर सत्यजीत पटेल व ऋषभ देव पटेल दुसरे स्थान पर सौम्या अग्रवाल व शौर्य अग्रवाल तीसरे स्थान पर सांची उपाध्याय, ओमी पटेल व अनिशा पटेल कक्षा 6 से 8 में प्रथम स्थान पर सार्थक पटेल, आशीष पटेल व भूपेश पटेल दुसरे स्थान पर लक्ष्य सोनवानी डोलनारायण पटेल सुयश टंडन तीसरे स्थान पर सृष्टि पंडा, रोशनी नायक व हर्षित अग्रवाल कक्षा 9 से 10 में प्रथत स्थान पर अर्चना पाणिग्राही, बिंदिया पटेल व अम्बे पटेल दुसरे स्थान पर यामिनी जायसवाल, राही अर्ग्रवाल व भूमिका खूँटे तीसरे स्थान पर रोशन डनसेना, प्रेम पटेल, तेजस अगवाल कक्षा 11 से 12 में प्रथम स्थान पर भूमिका पटेल, निशा पटेल व खुशबु पटेल दुसरे स्थान पर निकिता पटेल, आँचल पटेल व प्रेरणा पटेल तीसरे स्थान पर भावेश चैबे रहे,रोबोटिक में प्रथम स्थान पर सारांश पटेल, नोवेल पटेल व भावेश चैबे दुसरे स्थान पर रिया नायक, धात्री पटेल, तन्नु अग्रवाल तीसरे स्थान पर हरिश पटेल, पुष्कर पटेल व जयेश पटेल रहे। वाणिज्य में प्रथम स्थान पर नंदिनी मिश्रा, कृष्णा पटेल व मनीष पटेल दुसरे स्थान पर घुंघरु प्रधान, दिया पटेल व तेजप्रकाश रहे,हस्तकला, शिल्पकला व चित्रकला में प्रथम स्थान पर दुर्गेश डनसेना दुसरे स्थान पर संस्कृति देवांगन व तीसरे स्थान पर स्वाती अग्रवाल रहे,कार्यक्रम के मुख्य अतिथी जुगल किशोर अग्रवाल (संचालक भारत माता पब्लिक स्कूल पुजेरीपाली, सरिया) डॉ. हरेन्द्रपाल सिंह चैहान प्राचार्य संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ती व विद्यालय के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, संचालक मनोज अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, वंशिता अग्रवाल विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण पंडा ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर किया उसके पश्चात सभी मुल्यांकन कर्ताओं ने सभी मॉडल का आकलन किया जिसके आधार पर विद्यार्थियों को प्रथम, दुसरा व तीसरा स्थान दिया गया।,विद्यालय द्वारा प्रथम, दुसरे व तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेन्टो व सर्टिफिकेट से पुरस्कृत किया गया।

# शासकीय हाईस्कूल परसदा खुर्द में राष्ट्रीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय भाषा उत्सव कार्यक्रम 2023 के तहत शा हाईस्कूल परसदा खुर्द में समस्त स्टाफ एवम छात्र छात्राओं की उपस्थिति में विविध वेशभूषा एवम विविध भाषाओं का प्रतिभागी स्काउट गाइड बच्चों के द्वारा प्रदर्शन किया गया ।जिसमे बच्चो ने अलग अलग राज्यों के परिधान की विशेषता को प्रदर्शित करते हुए वहा की बोली बोलते हुए प्रस्तुति दी,विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र उड़ीसा, पंजाब, पश्चिम बंगाल,तमिलनाडु ,कर्नाटक केरल, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात , राजस्थान हरियाणा राज्यों के पारंपरिक वेशभूषा को धारण किया और उन राज्यों की भाषाओं में अभिवादन शब्द प्रस्तुत किया,एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट् को झलकता यह कार्यक्रम वर्तमान समय में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता के सूत्र में पिरोता परिलक्षित होता है।वर्तमान में देश भर में समस्त विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजनों के माध्यम से भारत में राष्ट्रीय एकता हेतू अनेक प्रयास किए जा रहे है।विद्यार्थियों में अपने देश के प्रति प्रेम, भाईचारे की भावना वा अखंडता को बनाए रखने में ऐसे प्रयास आवश्यक है। विद्यालय की प्राचार्य सविता चौधरी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम की रूपरेखा क्रियान्वयन कमला दपी गवेल द्वारा, मंच संचालन लक्ष्मी नारायण क्षत्री द्वारा एवम सहयोगी के रूप राजेंद्र बेहरा विनीता राठौर, दुलार साय कुर्रे, रूप सिंह राठिया, सुरेन्द्र सिदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गाइड पुष्पा, हंशिखा, हिमांशी, कमलेश्वरी, मनीषा, पिंकी, मानशी, तन्नू, सोनिया, आरती, किरन, साधना, कात्यायनी तथा स्काउट मानष, आकाश ,आदित्य, लक्की, युवराज प्रतिभागी रहे।

# 28 वां मड़ई महोत्सव 24 को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी होगा आयोजन



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

यादव समाज रायगढ़ के तत्वावधान मे 28 वां शौर्य नृत्य यादव मड़ई महोत्सव 24 दिसंबर को होगा। इसे लेकर सामुदायिक भवन में समाज के पुरूष एवं महिला पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक में 28 वां मड़ई महोत्सव मनाने 24 दिसंबर दिन रविवार की होगा। वहीं 23 दिसंबर शनिवार को समाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। बैठक में जतीराम यादव, डॉ.बीपी. गोपाल, शिव यादव, मातादीन यादव इजि.एस.डी.यादव, मड़ई अध्यक्ष शाखा यादव, संयोजक गणेश यादव, सचिव विकास ठेठवार, महिला प्रमुख चमेली यादव, सांस्कृतिक प्रमुख संगीता यादव, रामनंदन यादव, हुकुम सिंह यादव, शिवा यादव, एम आर यादव, मुनु यादव, विनोद ठेठवार, अभय यादव, दिनेश यादव, दुर्गेश यादव, संतोष कुमार यादव, गजेंद्र यादव, अजय यादव, संतोष यादव, आशीष यादव, गोलू यादव अलख यादव, सागर यादव, सतीश यादव, नितेश यादव, सिध्दार्थ यादव, चंद्रेश यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# ओपी चौधरी ऐतिहासिक मतों से जीते चुनाव, जिले की चार विधानसभा सीट में तीन में कांग्रेस प्रत्याशियों को मिली जीत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले की व्हीआईपी कहे जाने वाली सीट पर भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी ने लगभग 66 हजार से अधिक मतों से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक को हराकर पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे बडी जीत दर्ज की। वहीं रायगढ़ जिले की खरसिया के कांग्रेस प्रत्याशी उमेश नंदकुमार पटेल, धरमजयगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत राठिया और लैलूंगा से कांग्रेस प्रत्याशी विद्यावती सिदार ने जीत दर्ज की। रायगढ जिले चार विधानसभा सीटों में कांग्रेस ने तीन में जीत दर्ज करके कांग्रेस की शाख को बचाया। वहीं ओपी चौधरी ने बड़ी जीत दर्ज करके सभी को चौंका दिया है। बड़ी जीत मिलने के बाद ओपी चौधरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अभी और आंकड़े आने बाकी है। लेकिन रायगढ़ की जनता जनार्दन ने जीतना बड़ा जनादेश दिया आशीर्वाद दिया है वह मेरे लिये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और मै जितना भी कुछ कर लूं रायगढ़ की जनता के इस कर्ज को कभी नही चुका सकता है, मै नतमस्तक होकर सभी को प्रणाम करता हूं। प्रदेश में भाजपा की जीत के बाद गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा बड़ा आदमी बनाये जाने के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि मै एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं, पार्टी में और भी बड़े दिग्गत नेता हैं। चुनावी घोषणा पत्र के संबंध में ओपी चैधरी ने कहा कि रायगढ़ के लिय बहुत ही महत्वाकांक्षी घोषणा पत्र स्थानीय स्तर पर मैने रायगढ़ का विकास पत्र जारी किया था। उसमें बहुत बड़े-बड़े महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं। सभी वर्गो के अलावा रायगढ़ को नई उंचाईयां तक पहुंचाने पूरे पांच सालों तक जी तोड़ मेहनत करेंगे और बहुत आगे तक जायेंगे। रायगढ़ जिले की चार विधानसभा सीट में से तीन में भाजपा के हार के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि आने वाले दिनों में हम इस पर मंथन करेंगे और बड़े सुधार के साथ पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में काम करेंगे। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं के हार के संबंध में ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पूरे पांच सालों तक छत्तीसगढ़ को लूटती रही, माफिया राज चलाते रहे, गांधी परिवार का एटीएम बनाकर छत्तीसगढ़ को रख दिये थे। इसीलिये जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। माफिया राज के सरकार भूपेश बघेल को अपनी सीट बचाने के लिये बड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। मै अपनी इस जीत का पूरा श्रेय समस्त पार्टी कार्यकर्ता और रायगढ़ विधानसभा के तमाम जनता को देना चाहता हूं। रायगढ़ जिले की चार विधानसभा सीट में जहां रायगढ़ विधानसभा भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक को ऐतिहासिक मतों से चुनाव हराया है। वहीं खरसिया के कांग्रेस प्रत्याशी उमेश नंदकुमार पटेल, धरमजयगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी लालजीत राठिया और लैलूंगा से कांग्रेस प्रत्याशी विद्यावती सिदार ने जीत दर्ज की।

## उमेश पटेल ने महेश साहू को हराया, तीसरी बार बने विधायक

विधानसभा चुनाव में खरसिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी उमेश नंदकुमार पटेल ने एक बार फिर से चुनाव जीतकर परचम लहराया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी महेश साहू को 22192 वोटों से चुनाव हराकर लगातार तीसरी बार खरसिया विधानसभा सीट से जीत हासिल की है। इस जीत के बाद उमेश नंदकुमार पटेल ने अपने विधानसभा के सभी मतदाताओं को आभार जताते हुए कहा कि मुझ पर जो विश्वास जताया है उस पर मै खरा उतरूंगा। चुनाव के बाद हमे लगा था कि कांग्रेस की सरकार फिर से वापस आयेगी लेकिन जनादेश हमे विपक्ष में बैठने का मिला है उसका हम भरपूर पालन करेंगे और एक मजबूत भूमिका में रहेंगे।

# व्यावसायिक पाठ्यक्रम के बच्चों ने पावर प्लांट का भ्रमण कर देखा सिस्टम



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागांव जिला रायगढ़ के कक्षा नौवीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर के तहत प्राचार्य जीएस तिवारी के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक भोज कुमार राठौर द्वारा रुक्मणी पावर प्लांट का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को पावर प्लांट की कार्यप्रणाली व उपकरणों की जानकारी प्रदान की गई। व्यावसायिक प्रशिक्षक भोज कुमार राठौर द्वारा बताया गया कि नवागांव हाई स्कूल में वर्ष 2018 से व्यावसायिक पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई है तथा बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर के बारे में प्रैक्टिकल व थ्योरी के माध्यम से पढ़ाया जाता है तथा एक्टिविटी के माध्यम से सिखाया जाता है प्रत्येक माह अतिथि शिक्षक बुलाकर अलग-अलग टॉपिक पर व्याख्यान कराया जाता है. रुक्मणी पावर प्लांट के एमडी ऋषभ अग्रवाल तथा जीएम वी एन गुप्ता जी के दिशा निर्देश में तथा सत्येंद्र यादव द्वारा बच्चों को पूरे प्लांट का भ्रमण कराकर कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई इस दौरान और आर दर्शन , टी एस चंद्रा तथा प्रयांक शर्मा उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक पुलिस ने ओपी जिंदल स्कूल के बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी

- ट्रैफिक डीएसपी ने बताया छात्र कब कर सकतें है लर्निंग लाइसेंस के लिये अप्लाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के क्रम में आज उप पुलिस अधीक्षक यातायात रमेश कुमार चंद्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा ओ.पी. जिंदल स्कूल पतरापाली रायगढ़ के छात्रों को ट्रैफिक नियम की जानकारी दिया गया। डीएसपी ट्रैफिक द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को बेसिक सड़क दुर्घटना के कारण-ओवर स्पीड में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्रंक एंड ड्राईव को बताते हुये छात्रों को सुरक्षित यातायात के लिये सभी यातायात नियमों के पालन करने की समझाइश दिये और दुपहिया में हेल्मेट तथा कार व हल्के वाहन में चालक व सफर करने वालों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाना चाहिये बताया गया। डीएसपी ट्रैफिक ने विद्यार्थियों को नियमों के तहत 16 से 18 आयु वर्ग वाले किशोरों को 'विदाउट गियर' 50 सीसी से कम वाहन वाले दोपहिया चलाने की अनुमति दिये जाने की जानकारी देते हुये इस उम्र के बच्चे को लर्निंग लाइसेंस के लिये अप्लाई करने समझाइश देकर लायसेंस अप्लाई की प्रक्रिया बताये। कार्यक्रम में छात्रों को रोचक तरीकों से यातायात नियमों की जानकारी देते हुये अवेयरनेस वीडियो क्लिप के जरिये संकेत चिन्हों की जानकारी एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दंड के प्रावधान को बताया गया। कार्यक्रम में छात्रों को यातायात पुलिस द्वारा अमूल्य जान-माल की सुरक्षा के लिए स्वयं तथा अपने शुभचिंतकों से यातायात नियमों की पालन करने के संबंध में प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य व सहायक शिक्षक तथा ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चंद्रा के साथ थाना यातायात के प्रधान आरक्षक मुकेश चैहान, आरक्षक विजय सिदार और अमृत मिंज शामिल थे।

# हत्या के प्रयास मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, जूटमिल क्षेत्र का मामला

- पत्नी व साली के साथ मिलकर किया था साले की पत्नी के साथ मारपीट

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल पुलिस द्वारा कल रात हत्या के प्रयास मामले के फरार आरोपी रामसिंह सिदार को जूटमिल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, आरोपी को आज जूटमिल पुलिस द्वारा न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक आहत महिला बुधयारिन बाई (25 साल) के पति केशव महंत निवासी ग्राम ननसिया द्वारा 16 नवंबर की रात्रि थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि पूर्व में उसकी बहन मधु सिदार, उसका पति राम सिंह सिदार और रितु महंत गांव ननसिया में रहते थे। उसकी पत्नी बुधियारिन का उसकी मां, दीदी मधु और बहन रीतू के बीच घरेलू झगड़ा विवाद होता था। इसी झगड़ा विवाद को लेकर 16 नवंबर के शाम मधु, रितु और मधु का पति राम सिंह सिदार घर अंदर घुसकर उसकी पत्नी बुधियारिन बाई से पूर्व झगड़ा विवाद रंजीश को लेकर गाली गलौज मारपीट करते हुए हाथ मुक्का और डंडा, लोहे के तवे से मारपीट किए हैं जिसमें बुधियारिन बाई को गंभीर चोटे आई है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना जूटमिल में आरोपियों के विरुद्ध धारा 450, 307, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीकृत कर घटना के बाद से फरार हुए दोनों महिला आरोपी मधु सिदार रायगढ़ और रितु महंत को 19 नवंबर को जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। घटना के बाद से आरोपी राम सिंह सिदार फरार होकर लुक छिप रहा था जिसे कल शाम जेलपारा क्षेत्र में देखे जाने की सूचना पर टीआई जूटमिल रामकिंकर यादव एवं स्टाफ द्वारा दबिश देकर पकड़ा। आरोपी रामसिंह सिदार पिता चमार सिंह सिदार उम्र 39 साल जेलपारा थाना जूटमिल को जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।

## अमर अग्रवाल ,अटल श्रीवास्तव , धर्मजीत सिंह और धरम कौशिक,दिलीप लहरिया,मोहले और अरुण साव चुनाव जीते, शैलेश पांडेय,विजय केशरवानी,डा बांधी,प्रबल प्रताप सिंह पराजित हुए

# बिलासपुर जिले की 4 सीटो पर भाजपा और 2 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





विधानसभा चुनाव के नतीजे ने सब को चौंका दिया है। बिलासपुर जिले में भी भारतीय जनता पार्टी को अच्छी सफ्लता मिली है। जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र में से भाजपा ने 4 और और कांग्रेस ने दो विधानसभा क्षेत्र में जीत दर्ज की है ।महत्वपूर्ण बात तो यह है कि पिछले चुनाव में भी भाजपा ने चार और कांग्रेस ने दो सीटें जीती थी। आज हुए मतगणना में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल बिलासपुर से, तखतपुर से धर्मजीत सिंह, बिल्हा से धरमलाल कौशिक, मुंगेली से पुन्नूलाल मोहले और लोरमी से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीता है वही पूर्व मंत्री डा कृष्णमूर्ति बांधी चुनाव हार गए हैं। उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया ने 20000 से भी अधिक मतों से हराया है। दूसरी तरफकोटा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराया है। वहां से अटल श्रीवास्तव ने भाजपा प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को पराजित किया है। आज सुबह कोनी स्थित मतगणना केंद्र में मतों की गणना शुरू हुई तो पूरे प्रदेश की तरह बिलासपुर जिले में भी भाजपा के प्रत्याशी बढ़त बनाते चले गए। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने मतगणना के प्रथम चरण से ही अपनी बढ़त जारी रखी उन्होंने मतों की गणना समाप्त होने पर कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश पांडे को 27906 मतों से पराजित किया। श्री अग्रवाल पिछले चुनाव में शैलेश पांडे से 12000 मतों से हारे थे लेकिन इस बार बेहतर चुनाव प्रबंधन के तहत अमर अग्रवाल ने अपनी पिछली हार का बदला लिया और दुगने से भी ज्यादा मतों से जीत हासिल की। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धरमलाल कौशिक और कांग्रेस प्रत्याशी सियाराम कौशिक के बीच लगातार मतों की गणना में बहुत कम मतों का अंतर चल रहा था जिसके कारण यह अंदाज लगाना कठिन हो गया था कि आखिर जीत किसकी होगी लेकिन धरमलाल कौशिक ने सियाराम कौशिक को 9000 से भी अधिक मतों से पराजित किया। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केसरवानी भी चुनाव हार गए हैं। मतों की शुरुआती गणना में वे भाजपा प्रत्याशी सुशांत शुक्ला से आगे चल रहे थे लेकिन शहरी इलाके के बूथों में पड़े मतों की गणना शुरू हुई तो भाजपा प्रत्याशी सुशांत शुक्ला भारी पड़े और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी विजय केसरवानी को 16963 मतों से पराजित किया। जिले के मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी और कांग्रेस प्रत्याशी प्रत्याशी दिलीप लहरिया के बीच कड़ी टक्कर रही ।मतों की गणना में दोनों आगे पीछे होते रहे लेकिन अंतिम चरणों की गणना में कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप लहरिया ने डॉक्टर बांधी को 20000 से भी अधिक मतों से पराजित किया ।

कोटा विधानसभा क्षेत्र जहां से भारतीय जनता पार्टी ने आज तक चुनाव नहीं जीता इस बार भी भाजपा की प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव चुनाव हार गए हैं ।उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव ने 10000 से भी अधिक मतों से प्राप्त किया।अटल श्रीवास्तव पहली बार विधायक बने है। कोटा की वर्तमान विधायक तथा जोगी कांग्रेस की प्रत्याशी डॉक्टर रेणु जोगी तीसरे नंबर पर रही।

बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिसमें मुंगेली जिले की दो सीटें भी शामिल है। मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी पुन्नूलाल मोहले तथा कांग्रेस प्रत्याशी संजीत बनर्जी के बीच कड़ी टक्कर रही लेकिन भाजपा प्रत्याशी मोहले ने कांग्रेस प्रत्याशी बनर्जी को 9000 से भी अधिक मतों से पराजित किया। इसी तरह लोरमी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस प्रत्याशी थानेश्वर साहू को 29000 से भी अधिक मतों से हराया है जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी सागर सिंह बेस तीसरे नंबर पर रहे जिसने अरुण साव की जीत में महती भूमिका निभाई है। प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता चली गई और भारतीय जनता पार्टी सत्ता रूढ़ होने जा रही है लेकिन बिलासपुर जिले में सीटों की संख्या के हिसाब से देखें तो कांग्रेस को ना तो फायदा हुआ है और न हीं नुकसान हुआ है। पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जिले में 6 में से चार सीटों पर जीत दर्ज की थी तथा कांग्रेस को दो सीटों पर संतोष करना पड़ा था।

आज हुए मतगणना में भी भारतीय जनता पार्टी के सीटों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई और उसे चार सीटों पर ही संतोष करना पड़ा जबकि पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की आंधी चल रही थी।

कांग्रेस को भी दो सीटें ही मिली हालांकि कांग्रेस बिलासपुर और तखतपुर सीट को खो दिया है तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने मस्तूरी और बेलतरा विधानसभा क्षेत्र को खोया है बदले में भाजपा को बिह्ला है तो कांग्रेस को मस्तूरी और कोटा विधानसभा क्षेत्र में जीत मिली है।

# इमरान हाशमी ने किया खुलासा, घंटों किया था ऐश्वर्या की वैन के बाहर इंतजार

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी फिल्म टाइगर 3 को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में उन्होंने खलनायक के रूप में दर्शकों को खासा प्रभावित करने में सफलता प्राप्त की है। एक तरफ जहाँ सलमान और कैटरीना कैफ के दमदार एक्शन वाले दृश्यों और कथानक को दर्शक पसन्द कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर इमरान हाशमी के अभिनय की भी तारीफ हो रही है। इस फिल्म में आईएसआई एजेंट आतिश का किरदार निभाकर इमरान हाशमी ने अपनी रोमांटिक हीरो की छवि को तोड़ दिया है।

ऐसे में इमरान हाशमी लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि वह ऐश्वर्या राय के बहुत बड़े फैन हैं। एक बार तो वह उनकी एक झलक पाने के लिए घंटों उनकी वैनिटी के बाहर खड़े रहे थे। यह उन दिनों की बात है, जब इमरान फिल्मों में हीरो नहीं बल्कि असिस्टेंट डायरेक्टर हुआ करते थे।






दरअसल इमरान हाशमी ने कनेक्ट एफएम कनाडा से बातचीत करते हुए बताया कि हमेशा से मैं ऐश्वर्या राय का फैन रहा हूं। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था। जब मैं अपने कजन मोहित सूरी के साथ असिस्टेंट डायरेक्टर था, तो मैं उनकी वैन के बाहर इंतजार करता था। उस समय वह भी एक असिस्टेंट थे। मैंने कम से कम डेढ़ घंटे तक इंतजार किया। मैंने पहले ऐसा नहीं किया था। यह बहुत ही अजीब था। हम 'राज़' में असिस्ट कर रहे थे, लेकिन उससे पहले मैंने उनकी फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' देखी थी और मैं तभी से उनका बहुत बड़ा फैन था। मैं बस उनकी एक झलक पाना चाहता था, जिसके लिए मैंने इंतजार किया। वहीं इमरान हाशमी ने करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' में ऐश्वर्या राय को लेकर कमेंट किया था। उन्होंने एक्ट्रेस को 'प्लास्टिक' बोल दिया था। एक्ट्रेस के इस बयान पर खूब बवाल मचा था। वहीं अब इस पर रिएक्ट करते हुए इमरान ने कहा कि 'मेरा यह मतलब नहीं था। मैं ऐश्वर्या का बहुत बड़ा फैन हूं। यह शो का कॉन्सेप्ट है। मैं कुछ नहीं कह सकता और हैंपर नहीं जीत सकता। मैं हमेशा से उनके काम का बहुत बड़ा फैन रहा हूं। मैं जानता था कि लोग इसका खूब फायदा उठाएंगे। तो क्या हुआ? लोग हर समय बकवास को बड़ा मुद्दा बना देते हैं। वहीं जूम के साथ इंटरव्यू के दौरान बताया था कि 'उस विवादित बयान के बाद मैंने इंडस्ट्री में कई दुश्मन बना लिए थे। उस इंसीडेट के बाद से मैंने चैट शो में जाना छोड़ दिया है। क्योंकि ये सब हैंडल करना बहुत मुश्किल हो जाता है।



# सलमान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने फिर दी धमकी

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से एक बार फिर सलमान खान को धमकी मिली है, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने उनकी सिक्योरिटी बढ़ा दी है। अब 'टाइगर 3' स्टार वाय प्लस सुरक्षा में रहेंगे। मुंबई पुलिस ने एक्टर से सतर्क रहने के लिए भी कहा है। ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पहले ही पंजाबी सिंगर/एक्टर गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा वाले घर के बाहर फायरिंग हुई थी। एक फेसबुक पोस्ट में पता चला है कि इस फायरिंग के पीछे लॉरेंस बिश्नोई का हाथ है। बिश्नोई ने खुद इसकी जिम्मेदारी ली है। रिपोर्ट्स की मानें तो ये फेसबुक अकाउंट विदेश से चलाया जा रहा है। उस पोस्ट में लिखा था, तुम सलमान खान को भाई मानते हो, लेकिन अब समय आ गया है कि आपका भाई आए और आपको बचाए। ये मैसेज सलमान खान के लिए भी है। इस गलतफहमी में न रहें कि दाऊद तुम्हें बचाएगा। तुम्हें कोई बचा नहीं सकता। सिद्धू मूसेवाला की मौत पर तुम्हारे ड्रामे वाले रिएक्शन पर किसी का ध्यान नहीं गया, हम सभी जानते हैं कि वो किस तरह का इंसान था और उसके कैसे क्रिमिनल कॉन्टैक्ट थे। तुम अब हमारे रडार पर आ गए हो इसे एक ट्रेलर समझ लो, पूरी फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। जिस देश में चाहो भाग जाओ, लेकिन याद रखो, मौत के लिए वीजा की जरूरत नहीं होती; ये बिन बुलाए आती है। गिप्पी ग्रेवाल के घर के बाहर हुई फायरिंग के बाद इस फेसबुक पोस्ट ने सनसनी मचा दी है।




# लिन लैशराम संग शादी के बंधन में बंधे रणदीप

रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम आखिरकार शादी के बंधन में बंध गए। रणदीप हुड्डा ने 29 नवंबर को लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लिन लैशराम संग मणिपुर के इंफाल में पारंपरिक मैतेई विवाह समारोह में शादी की। कपल ने परिवार और कुछ खास दोस्तों के बीच मणिपुरी रीति-रिवाज से सात फेरे लिए। शादी की कई तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। वहीं अब खुद एक्टर ने अपनी वेडिंग की प्यारी तस्वीरें शेयर कर तमाम रस्मों की झलक दिखाई है। अपने इस खास दिन के लिए कपल ने मणिपुर ट्रेडिशनल आउटफिट पेयर की। दुल्हे रणदीप व्हाइट कलर के पारंपरिक आउफिट में बेहद डैशिंग लग रहे हैं। रणदीप ने पारंपरिक आउटफिट में पोशाक में पुण्यात (कुर्ता), फीजोम (धोती), इन्नाफी (ऊपरी हिस्से के चारों ओर लपेटा जाने वाला कपड़ा) कहते हैं। वहीं दुल्हन लिन की बात करें तो उन्होंने अपनी शादी के समारोह के लिए पारंपरिक रासलीला पोशाक पहनी है। राधा और कृष्ण के प्रबल अनुयायी होने के नाते, ये ड्रम जैसी ड्रेस मणिपुरी दुल्हन की पोशाक है जिसे पोटलोई कहा जाता है। ये मोटे कपड़े और बैंबू से बनी होती है। एक सिलैंड्रिकल स्कर्ट बनी होती है, जिसे साटिन के कपड़े से सजाया जाता है।



इस कपड़े पर मिरर और ग्लिटर से काम हुआ। दुल्हन बनीं लिन बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने इसे गोल्डन एम्ब्रॉयडर्ड वाले ब्लैक कलर के ब्लाउज और एक व्हाइट कलर दुपट्टे के साथ जोड़ा था, जिसे उनके बालों के जूड़े के साथ पिन किया गया था। हालांकि, उनके पूरे ब्राइडल लुक का शो बेहद सुंदर ज्वेलरी थी। हर तरह से एक राजकुमारी की तरह दिखने वाली लिन ने मल्टीपल लेयर्ड नेकपीस, चूड़ियां, कड़ा, हाथफूल, लेयर्ड टियारा, हैवी इयररिंग्स, मांग-टीका और एक मुकुट चुना था। सटल बेस मेकअप और मैरून लिप शेड ने उनके लुक में चार-चांद लगा दिए थे। तस्वीरो में रणदीप और लिन की शादी में निभाई गई रस्मों की झलक मिली है। रणदीप अपनी दुल्हन लिन का किसी रस्म के तहत हाथ पकड़े हुए नजर आ रहे हैं और उनके हाथों के ऊपर फलों से सजी टोकरी रखी है। अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर करते हुए रणदीप ने लिखा- आज से हम एक हो गए। जस्ट मैरिड। बता दें कि कहा जा रहा है कि रणदीप और लिन वापस हरियाणा लौटकर ग्रैंड रिसेप्शन देंगे हालांकि, दोनों की ओर से सिर्फ शादी का इन्विटेशन सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। इसके अलावा रिसेप्शन को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई थी।





# कपड़ों को एक बार पहनने में विश्वास न करें: सोनम कपूर

सोनम कपूर ने बताया कि क्यों लोगों को दोबारा इस्तेमाल करने, दोबारा दोबारा पहनने की आवश्यकता के बारे में सचेत रहने की आवश्यकता है। ग्लोबल फैशन आइकन और बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर का भारतीय फैशन परिदृश्य और पॉप संस्कृति पर प्रभाव निर्विवाद है। सोनम, अपनी अविश्वसनीय स्टाइलिंग समझ के माध्यम से, दुनिया में भारत की फैशन एंबेसडर हैं। सोनम वैश्विक स्तर पर फैशन की सबसे प्रभावशाली आवाज़ों में से एक हैं और भारत में एक लक्जरी ब्रांड की इक्विटी पर उनका अविश्वसनीय प्रभाव है। भारत का फैशन फेस है, सोनम चाहती हैं कि लोग ऐसे कपड़े खरीदने में निवेश करें जिन्हें सालों तक दोबारा पहना जा सके और वह यह भी चाहती हैं कि लोग विंटेज के विचार को अपनाएं। वह चाहती हैं कि लोग पुन-उपयोग, दोहराने और दोबारा पहनने की आवश्यकता के बारे में जागरूक हों। वह कहती हैं, मेरे लिए, लंबे समय तक चलने वाला उत्पाद रखना लक्ज़री है। पुराने समय में, मेरी माँ और दादी महंगी साड़ियों को मलमल के कपड़े में सुरक्षित रखती थीं, मास्टरजी (दर्जी) माप के हिसाब से पोशाकें बनाते थे, जूतियाँ (जूते) हमारे पैरों में फिट होने के लिए बनाई जाती थीं। मैं भी वही कर रही हूं। वह आगे कहती हैं, तो, आप देखिए, मैं पर्सनलाइज्जेशन और हस्तनिर्मित वस्तुओं के मूल्य की सराहना करते हुए बड़ी हुई हूं। मेरे लिए यह सच्ची लक्ज़री है। मैं जानबूझकर ऐसी वस्तुएं खरीदता हूं जो स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाई जाती हैं, पुरानी होती हैं और दोबारा बेची भी जाती हैं। सोनम आगे कहती हैं, मैंने ऐसी कोई चीज़ नहीं खरीदी जिसे मैंने कई बार न पहना हो। मेरे लिए, जो कुछ भी मैं खरीदता हूं वह कई वर्षों तक पहनने योग्य होना चाहिए। मैं इसे एक बार पहनने और फिर वापस करने में विश्वास नहीं रखती, जब तक कि मैं किसी कार्यक्रम के लिए पोशाक उधार नहीं ले रही हूं। काम के मोर्चे पर सोनम के पास दो टेंट पोल प्रोजेक्ट हैं, जिनमें से एक बैटल फॉर बिटोरा है। अन्य प्रोजेक्ट का विवरण गुप्त रखा गया है।

# सैम बहादुर में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाने को लेकर नर्वस थीं फातिमा सना शेख



बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैंयार है। हर कोई इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। यह फिल्म देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ और इंडियन आर्मी के शौर्य को समर्पित है। फिल्म में विक्की टाइटलर किरदार में नजर आएंगे। वहीं इस फिल्म में फातिमा सना शेख पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आने वाली हैं। फातिमा सना शेख ने कहा, जब मुझे इंदिरा गांधी का रोल मिला तो मैं नर्वस थी। मुझे नहीं पता था कि मैं इसे कर भी पाऊंगी या नहीं। इंदिरा गांधी का व्यक्तित्व मेरे लिए बहुत बड़ा था। फातिमा ने कहा, जब मैंने मेघना को इस बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि मुझ पर भरोसा रखो। मुझे खुद पर भरोसा नहीं था, लेकिन उन्होंने किया। उन्होंने इंदिरा गांधी से जुड़ी सारी शोध सामग्री मुझे दे दी। इस फिल्म में इंदिरा गांधी का लुक लेने के लिए मेकअप आर्टिस्ट ने मेरे चेहरे की स्वाभाविक चीजों को ही आवश्यकतानुसार ढाला है। फिल्म सैम बहादुर को आरएसवीपी मूवीज़ के बैनर तले रॉनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा, नीरज काबी, एडवर्ड सोनेनब्लिक और जीशान अय्यूब भी मुख्य भूमिका में हैं। सैम बहादुर 1 दिसंबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

# जिस क्रिकेटर से था प्यार, उसने किसी और से कर ली शादी, सच्चे प्यार के बावजूद अकेली रह गईं ईशा शरवानी

जानिए अब एक्ट्रेस ईशा शरवानी कहां हैं और क्या काम कर रही हैं। ईशा शरवानी ने फिल्म किसना से बॉलीवुड डेब्यू किया था। उन्होंने कई और फिल्मों में काम किया, पर फ्लॉप ही रहीं। अब वह एक बेटे की मां भी हैं। एक्ट्रेस ईशा शरवानी याद हैं? सुभाष घई की फिल्म किसना से बॉलीवुड डेब्यू करने वालीं ईशा ने अपनी एक्टिंग और डांस के हुनर से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। भले ही किसना नहीं चली, पर इसमें ईशा शरवानी को नोटिस किया गया था। हालांकि ईशा फिर भी फिल्मों में नहीं चल पाईं। लेकिन डांस में पारंगत ईशा शरवानी 22 से अधिक देशों में परफॉर्म कर चुकी हैं। ईशा शरवानी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रही थीं। उनका क्रिकेटर जहीर खान के साथ रिलेशनशिप रहा। पर आज ईशा शरवानी सिंगल लाइफ जी रही हैं और एक बच्चे की मां हैं। ईशा शरवानी ने किसना से बॉलीवुड डेब्यू करने के बाद ढेर सारी फिल्मों में काम किया, पर उन्हें मनचाही सफलता नहीं मिली। उनके खाते में एक भी हिट फिल्म दर्ज नहीं हुई।



**सुशांत सिंह राजपूत के साथ थी पिछली फिल्म:** साल 2005 में एक्टिंग डेब्यू करने के बाद वह 2017 तक फिल्मों में डटी रहीं, पर कामयाबी नहीं मिली। ईशा शरवानी 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी फिल्म दिल बेचारा में गेस्ट अपीयरेंस में नजर आई थीं। 2017 के बाद से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया से दूरी बना ली।

**22 देशों में परफॉर्म कर चुकी हैं ईशा शरवानी:** ईशा शरवानी एक कमाल की डांसर हैं। करीब 22 देशों में परफॉर्म कर चुकी हैं। वह सात साल की उम्र से ही डांस करती आ रही हैं। ईशा का जन्म कलाकारों के परिवार में हुआ। उनके पिता एक म्यूजिक कंपोजर हैं। पर ईशा हमेशा से ही एक डॉक्टर बनना चाहती थीं। पर जब उन्होंने इस प्रोफेशन में मुश्किलें देखीं, तो इरादा बदल दिया।

**क्रिकेटर जहीर खान से प्यार, 8 साल तक किया डेट:** ईशा शरवानी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहीं। उनका क्रिकेटर जहीर खान के साथ रिलेशनशिप रहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने एक-दूसरे को 8 साल तक डेट किया था।

**ब्रेकअप के बाद जहीर खान की सागरिका घाटगे से शादी:** ईशा शरवानी और जहीर खान का शादी करने का भी इरादा था, पर 2012 में उनका ब्रेकअप हो गया। कुछ समय बाद जहीर खान ने एक्ट्रेस सागरिका घाटगे से शादी कर ली।

**एक बेटे की मां हैं ईशा शरवानी:** ईशा शरवानी अब डांस पर ध्यान दे रही हैं और सिंगल मदर हैं। उनके बेटे के नाम लूका है। लेकिन उन्होंने शादी की या नहीं, इस बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

# कपिल शर्मा ने इंडिगो फ्लाइट पर निकाली भड़ास तो लोगो ने लगा दी इनकी ही क्लास

कपिल शर्मा एक बार फिर से ट्विटर पर हाजिर हैं। उन्होंने एकसाथ की पोस्ट किए हैं और इंडिगो के उस विमान के लिए एयरलानि को लताड़ लगाई है जिसकी वजह से 180 यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि, लोग उल्टा कपिल शर्मा को उनके शो पर होनेवाले वाकिये बता रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

**-कपिल शर्मा ने इंडिगो फ्लाइट देर होने पर ट्वीट**

एक बार फिर से मशहूर कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा अपने ट्वीट को लेकर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने पोस्ट के जरिए इंडिगो फ्लाइट पर अपनी भड़ास निकाली है, जिसकी वजह से इस फ्लाइट में सफर कर रहे यात्रियों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ा है। कपिल शर्मा ने मौके के कुछ वीडियोज़ भी शेयर किए हैं जिसमें परेशान यात्रियों की भीड़ के साथ बेबस और लाचार एयरपोर्ट अधिकारी भी नजर आ रहे हैं। इस फ्लाइट के यात्रियों को घंटों इंतजार करवाया गया है, जिसे लेकर कॉमेडियन भड़क उठे। कपिल शर्मा ने एयरपोर्ट से कुछ वीडियोज़ भी शेयर किए, जिसमें साफ दिख रहा है कि यात्री कितने परेशान हैं।

**-कपिल शर्मा ने कहा- ये 180 यात्री फिर से इंडिगो में फिर कभी उड़ान नहीं भरेंगे**

कपिल शर्मा ने ड्ड पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, डियर इंडिगो, पहले आपने हमें 50 मिनट तक बस में इंतजार कराया और अब आपकी टीम कह रही है कि पायलट ट्रैफिक में फंस गया है। क्या? सच में? हमें 8 बजे टेकऑफ करना था, लेकिन अब 9 बजकर 20 मिनट हो गए हैं। अब तक कॉकपिट में कोई पायलट मौजूद नहीं है, क्या आपको लगता है कि ये 180 यात्री फिर से इंडिगो में उड़ान भरेंगे? कभी भी नहीं।

**-कपिल शर्मा बोले- इन्हें दूसरी फ्लाइट में किया जा रहा शिफ्ट**

इसके अलावा अगले ट्वीट में उन्होंने फ्लाइट से उतरने वाले यात्रियों का वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें दूसरी फ्लाइट में शिफ्ट किया जा रहा है। इस वीडियो को शेयर करते हुए कपिल शर्मा ने लिखा है, अब वे सभी यात्रियों को उतार रहे हैं और कह रहे हैं कि हम आपको दूसरी फ्लाइट से भेजेंगे, लेकिन फिर से हमें सिक्योरिटी चेक के लिए टर्मिनल पर वापस जाना होगा।

**-लोगों की भीड़ एयरपोर्ट अथॉरिटी से कर रही सवाल**

इसके अलावा एक वीडियो में सभी परेशान यात्री एयरपोर्ट पर दिख रहे हैं, जहां वे एयरपोर्ट अथॉरिटी से सवाल करते नजर आ रहे हैं। कपिल ने लिखा है, लोग आपकी वजह से परेशान हैं इंडिगो। वील चेयर पर कुछ बुजुर्ग हैं, जिनकी हेल्थ बहुत अच्छी नहीं है। आपको शर्म आनी चाहिए।

**-लोगों ने कहा- आपके शो पर लोगों को ज्यादा देर वॉशरूम यूज करने की इजाजत नहीं**

हालांकि, यहां कुछ लोगों ने कपिल शर्मा पर ही पलटवार कर डाला है। एक ने कहा- कपिल जी, आपके शो की शूटिंग के दौरान लोगों को ज्यादा देर तक वॉशरूम इस्तेमाल करने की भी इजाजत नहीं है। कृपया शांत हो जाएं और स्थिति को बहुत अधिक तूल देने से बचें। कभी-कभी भारत का एक आम नागरिक होना और उनकी तरह रोजाना मुश्किलों का सामना मानवीय होता है। चिल रहिए।

**-यूजर कपिल शर्मा से बोले- आप नए अमीरों की तरह व्यवहार कर रहे**

एक अन्य ने कहा, आप एक सुपरस्टार हैं। लोग उदाहरण देकर आपको फॉलो करते हैं। इसलिए, विपरीत परिस्थितियों में अपना बेस्ट साइड दिखाएं। आप नए अमीरों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। मैच्योर बनिए, आप हर जगह वैसा ही नहीं कर सकते जैसा आप कॉमेडी नाइट्स में करते हैं। ध्यान रखिए, गुड नाइट।





**राजनांदगांव।** मतों की गिनती के साथ साफ होती तस्वीर में भाजपा सरकार की वापसी का भाजपाईयों ने जबरदस्त जश्न मनाया। जैसे जैसे डॉ. रमन सिंह और प्रदेश में भाजपा की जीत स्पष्ट हुई नेताओं और कार्यकताओं का उत्साह बढ़ता गया। पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह गिनती के दौरान मतगणना स्थल में मौजूद थे। यहीं से जश्न की शुरुआत हुई। देर शाम भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख शहर के मानव मंदिर चौक पहुंचे। यहां आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ डॉ. रमन सिंह की रिकॉर्ड जीत और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर एक-दूसरे को बधाईयों का सिलसिला भाजपाईयों के बीच चलता रहा।

# राजनांदगांव लोकसभा की आठ में से 5 विस सीट पर कांग्रेस का कब्जा, भाजपा को पिछली बार की अपेक्षा बढ़त

## डॉ. रमन 45084 वोटों से जीते, डोंगरगढ़ की जीत वाली पार्टी की सरकार का मिथक टूटा, विजय शर्मा ने दिग्गज मंत्री मोहम्म द अकबर को 39 हजार से ज्यारदा वोटों से हराया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश में भाजपा ने सभी एक्जिट पोल के रुझानों को धता बताते हुए 50 से अधिक सीटें हासिल कर सरकार बना ली है। राजनांदगांव- कवर्धा संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में से 3 सीटों पर भाजपा को जीत मिली है। इनमें राजनांदगांव से डॉ. रमन सिंह और कबीरधाम (कवर्धा) से विजय शर्मा ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की है। पंडरिया से भाजपा की भावना बोहरा को जीत मिली है।

हाईप्रोफाईल सीट राजनांदगांव में भाजपा के डॉ. रमन सिंह ने 102499 वोट हासिल कर कांग्रेस के गिरिश देवांगन को 45084 वोटों से और भाजपा के विजय शर्मा ने 144257 वोट पाए और मोहम्मदद अकबर को 39592 वोटों से करारी शिकस्ति दी है। हालांकि लोकसभा की बाकी की 5 सीटें कांग्रेस के पाले में गई हैं। कांग्रेसी प्रत्योशियों मोहला-मानपुर से इंद्रजीत शाह मंडावी, खुज्जीट से भोलाराम साहू, डोंगरगांव से दलेश्वतर साहू, डोंगरगढ़ से हर्षिता स्वामी बघेल और खैरागढ़ से यशोदा वर्मा ने अपना परचम लहराया है।

अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार भी भाजपा चूक गई है। यहां कांग्रेस के पाले में गई 5 सीटों पर वर्ष 2018 में भी भाजपा को हार मिली थी। हालांकि कवर्धा जिले में कवर्धा और पंडरिया की विधानसभा सीटें जीतकर भाजपा ने बढ़त बनाई है। लेकिन यदि अविभाजित राजनांदगांव जिले की बात की जाए तो भाजपा अब भी 2018 की तरह यहाँ एक ही सीट पर काबिज हुई है और कांग्रेस ने यहाँ अच्छा प्रदर्शन किया है।

राजनांदगांव लोकसभा की आठ सीटों में देर शाम तक निर्णय आ चुका था इस दफे लगभग सीटों में मुकाबला बराबरी का माना जा रहा था लेकिन भाजपा आठ में से एक सीट पर चूक गई।छत्तीसगढ़ की जिन 20 सीटों पर पहले चरण में 7 नवंबर को मतदान हुआ था उनमें से नक्सल प्रभावित राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की आठ सीटें भी शामिल है। राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ, खुज्जी, खैरागढ़, मोहला-मानपुर पंडरिया और कवर्धा में 7 नवंबर को ही मतदान हुआ।

### रमन का जादू बरकरार, गिरीश की 45000 से ज्यादा मतों से हार



राजनांदगांव विधानसभा की जनता ने लगातार चौथी बार भाजपा के डाक्टर रमन सिंह पर अपना प्यार लुटाया है। भाजपा प्रत्याशी रमन सिंह ने कांग्रेस के गिरिश देवांगन को लगभग 45000 के प्रचंड मतों से परास्त कर बता दिया कि फिलहाल इस बार भी क्षेत्र की जनता उन्हीं की है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के बाल सखा गिरीश देवांगन को नांदगांव का भांचा के तौर पर लांच किया था और चुनावी मैनेजमेंट में भी कांग्रेस ने ताबड़तोड़ पसीना बहाया लेकिन चुनाव परिणाम के दिन गिरीश देवांगन किसी भी राउंड में भाजपा से बढ़त नहीं ले पाए और अंततः उन्हें हार का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि शुरूआती दौर से स्थानीय नेताओं को कांग्रेस ने तवज्जो नहीं दिया जिसका खामियाजा उन्हें उठाना पड़ा। विधानसभा क्षेत्र के ज्यादातर क्षेत्रों में भीतरघात की ख़बरें आती रहीं लेकिन कांग्रेस ने उन ख़बरों पर ध्यान नहीं दिया और अंततः मुंह के बल गिर पड़ी।

### डोंगरगांव में तीसरी बार दलेश्वर का कब्जा, भरत की हार



डोंगरगांव में लगातार दो बार के विधायक कांग्रेस के दलेश्वर साहू ने तीसरी बार भी विधानसभा में अपना परचम लहरा दिया है। दलेश्वर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के भरत वर्मा को 2789 मतों से शिकस्त दी। इस विधानसभा में मतदाता दोनों से ही नाखुश थे लेकिन अंततः उन्होंने एकजुट हो कर कांग्रेस पर भरोसा जताया। लोधियों के ज्यादा प्रभावी न होने के कारण दलेश्वर ने इस बार भी कारनामा दिखा दिया। भाजपा को कांग्रेस विधायक की एंटी इनकंबेंसी के कारण जीत का पूरा भरोसा था लेकिन भीतरघात भाजपा की राह में सबसे बड़ा कांटा बना और अंततः कांग्रेस के दलेश्वर साहू ने जीत दर्ज की।

### कवर्धा में अकबर की बड़ी हार विजय शर्मा की प्रचंड जीत



राजनांदगांव लोकसभा में डाक्टर रमन सिंह के बाद सबसे बड़ी जीत कवर्धा से भाजपा के विजय शर्मा की मानी जा रही है। विजय शर्मा ने कांग्रेस के कद्दावर मंत्री मोहम्मद अकबर को 39592 मतों से करारी शिकस्त दी है। कवर्धा दंगों के बाद विजय शर्मा एक बड़े हिंदूवादी नेता बनकर उभरे थे तगड़े मैनेजमेंट के कारण मोहम्मद अकबर को मात देना मुश्किल लग रहा था लेकिन कवर्धा की जनता ने मोहम्मद अकबर को सिरे से नकार दिया।

### डोंगरगढ़ में इतिहास बदला, भाजपा की हार



डोंगरगढ़ विधानसभा का इतिहास इस बार बदल गया। गौरतलब है कि आज तक जिस पार्टी की सत्ता प्रदेश में रही है उसी का विधायक यहाँ जीतता आया है लेकिन इस बार जहाँ प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है वहीं लहर के बावजूद भाजपा के विनोद खांडेकर इस सीट से चुनाव हार गए हैं। कांग्रेस की हर्षिता स्वामी बघेल ने इस सीट पर 14367 मतों से भाजपा को परास्त किया है। सुबह मतगणना शुरू होने के बाद पहले राउंड से ही भाजपा इस क्षेत्र में लगातार पीछे रही और आखरी तक वो कांग्रेस के बड़े हुए फासले को कवर नहीं कर सकी। भाजपा की इस हार में चुनावी मैनेजमेंट का फेल होना और चुनाव संचालकों का बाहरी व्यक्तियों को ज्यादा तवज्जो देना बताया जा रहा है।

### खुज्जी में नहीं चला भाजपा का जादू, गीता साहू की शर्मनाक हार




खुज्जी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू की शर्मनाक हार हुई है। कांग्रेस के भोलाराम साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी गीता साहू को 25944 मतों से परास्त किया। हालांकि भाजपा ने इस सीट पर कई माह पूर्व ही प्रत्याशी घोषित कर दिया था लेकिन पति के लेनदेन सहित अन्य विवादों से जुड़े होने की वजह से इस सीट पर भाजपा को जनता ने नहीं चुना। खुज्जी विधानसभा सीट में भाजपा की पराजय का एक कारण वहां के चुनाव संचालक कोमल जंघेल भी रहे जिन्होंने खुज्जी से ज्यादा ध्यान खैरागढ़ में दिया। जातिगत समीकरण भी खुज्जी में सटीक बैठे और कांग्रेस के पक्ष में साहू मतदाताओं ने रुझान दिखाया।

### पंडरिया में भावना की भावनाओं का जनता ने रखा ख्याल



पंडरिया में भाजपा प्रत्याशी ने पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ा और इस मुकाबले में उन्होंने कांग्रेस के नीलकंठ चंद्रवंशी को 23639 मतों से पराजित किया। पूर्व विधायक के खिलाफ नाराजगी और सहज सरल छवि के कारण भावना बोहरा को क्षेत्र की जनता ने पसंद किया इसके अलावा भावना अपने एनजीओ के माध्यम से भी पूरे समय जनसेवा के माध्यम से जनता के बीच रही हैं जिसका फायदा भाजपा को सीधे तौर पर मिला है।

### मोहला मानपुर में राजशाही घमंड चूर इंद्र पर फिर से भरोसा कायम



मोहला मानपुर विधानसभा में जनता ने भाजपा के संजीव शाह को पूरी तरह से नकार दिया और उनके राहशाही घमंड को चूर कर दिया। विधानसभा के जनता ने कांग्रेस के इन्द्रशाह मंडावी पर फिर से एक बार भरोसा जताया है। गौरतलब है कि संजीव शाह के लचर मैनेजमेंट और कर्ज माफी का मुद्दा इंद्रशाह मंडावी के साथ शुरू से था इसके अलावा भाजपा यहां एकजुट भी नहीं दिखाई दे रही थी। भाजपा के संजीव शाह के लिए पार्टी के लोगों ने ही जमकर गड्ढा खोदा। संजीव शाह के राजशाही तौर तरीके भी उनकी हार का एक कारण बने। कांग्रेस के इन्द्रशाह मंडावी ने भाजपा के संजीव शाह को कुल 31528 मतों से परास्त किया।

### खैरागढ़ में यशोदा की जीत कांटे की टक्कर में विक्रांत हारे



खैरागढ़ में भाजपा कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर में अंततः कांग्रेस की यशोदा वर्मा ने भाजपा के विक्रांत सिंह को 5421 मतों से परास्त किया। कांग्रेस की मौजूदा विधायक यशोदा वर्मा की टक्कर जिला पंचायत उपाध्यक्ष और भाजपा के तेज तर्रार नेता विक्रांत सिंह से था। यशोदा वर्मा लोधी समुदाय से आती हैं और खैरागढ़ में लोधी वोटर निर्णायक भूमिका अदा करते हैं दूसरा यशोदा वर्मा के साथ सहानुभूति भी थी जिसका उन्हें फायदा मिला। विक्रांत सिंह से लोधियों की दूरी और भीतरघात की आशंका उनकी हर का असल कारण बना।

## राजनांदगांव लोकसभा के आठ विधानसभा के चुनावी आंकड़ों पर एक नजर

**विधानसभा का नाम : राजनांदगांव**

**विजेता :** रमन सिंह भारतीय जनता पार्टी, **प्राप्त मतों की संख्या -** 102499
**द्वितीय :** गिरीश देवांगन, कांग्रेस पार्टी, **प्राप्त मतों की संख्या -** 57415, **जीत का अंतर :** 45084



जीते हारे

2018 के चुनाव में राजनांदगांव विधानसभा का नतीजा भाजपा के डॉ रमन सिंह के पक्ष में गया था। उन्होंने 16933 मतों से कांग्रेस की चर्चा शुक्ला को परास्त किया था।

**विधानसभा का नाम : खुज्जी**

**विजेता :** भोलाराम साहू कांग्रेस, प्राप्त मतों की **संख्या -** 80465
**द्वितीय :** गीता घासी साहू, भाजपा, **प्राप्त मतों की संख्या -** 54521
**जीत का अंतर :** 25944



जीते हारे

2018 के चुनाव में खुज्जी विधानसभा का नतीजा कांग्रेस की छन्नी साहू के पक्ष में गया था। उन्होंने 27,497 मतों से भाजपा के हिरेंद्र साहू को परास्त किया था।

**विधानसभा का नाम : कवर्धा**

**विजेता :** विजय शर्मा भाजपा ,
**प्राप्त मतों की संख्या -** 144257
**द्वितीय :** मोहम्मद अकबर, कांग्रेस
**प्राप्त मतों की संख्या -** 104665,
**जीत का अंतर :** 39592



जीते



हारे

2018 के चुनाव में कवर्धा विधानसभा का नतीजा कांग्रेस के मोहम्म,द अकबर के पक्ष में गया था। उन्होंने 59,284 मतों से भाजपा के अशोक साहू को परास्त किया था।

**विधानसभा का नाम : मोहला-मानपुर**

**विजेता :** इंद्रशाह मंडावी कांग्रेस, **प्राप्त मतों की संख्या -** 76571
**द्वितीय :** संजीव शाह, भाजपा, **प्राप्त मतों की संख्या -** 54168
**जीत का अंतर :** 31528



जीते हारे

2018 के चुनाव में मानपुर विधानसभा का नतीजा कांग्रेस के इंद्रशाह मंडावी के पक्ष में गया था। उन्होंने 21,048 मतों से भाजपा के भोजेश शाह को परास्त किया था।

**विधानसभा का नाम : डोंगरगांव**

**विजेता :** दलेश्वुर साहू कांग्रेस, प्राप्त मतों की **संख्या-** 81479
**द्वितीय :** भरत वर्मा, भाजपा, प्राप्त मतों की **संख्या -** 78690
**जीत का अंतर :** 2789



जीते हारे

2018 के चुनाव में डोंगरगांव विधानसभा का नतीजा कांग्रेस के दलेश्व र साहू के पक्ष में गया था। उन्होंने 19,083 मतों से भाजपा के मधुसूदन यादव को परास्त किया था।

**विधानसभा का नाम : पंडरिया**

**विजेता :** भावना बोहरा भाजपा ,
**प्राप्त मतों की संख्या -** 116301
**द्वितीय :** नीलू चंद्रवंशी, कांग्रेस ,
**प्राप्त मतों की संख्या -** 90727
**जीत का अंतर :** 25574



जीते



हारे

2018 के चुनाव में पंडरिया विधानसभा का नतीजा कांग्रेस के ममता चंद्राकर के पक्ष में गया था। उन्होंने 36487 मतों से भाजपा के मोतीराम चंद्रवंशी को परास्त किया था।

**विधानसभा का नाम : खैरागढ़**

**विजेता :** यशोदा वर्मा, कांग्रेस, **प्राप्त मतों की संख्या -** 86946
**द्वितीय -** विक्रांत सिंह भाजपा, प्राप्त मतों की **संख्या -** 81525
**जीत का अंतर :** 5421



जीते हारे

2022 के उपचुनाव में खैरागढ़ विधानसभा का नतीजा कांग्रेस की यशोदा वर्मा के पक्ष में गया था। उन्होंने 20166 मतों से भाजपा के कोमल जंघेल को परास्त किया था।

**विधानसभा का नाम : डोंगरगढ़**

**विजेता :** हर्षिता स्वामी बघेल कांग्रेस,
**प्राप्त मतों की संख्या -** 89145
**द्वितीय :** विनोद खांडेकर, भाजपा,
**प्राप्त मतों की संख्या -** 74778
**जीत का अंतर :** 14367



जीते हारे

2018 के चुनाव में डोंगरगढ़ विधानसभा का नतीजा कांग्रेस के भुवनेश्वर बघेल के पक्ष में गया था। उन्होंने 35418 मतों से भाजपा की सरोजनी बंजारे को परास्त किया था।

## पायनियर की खबरों पर लगी मुहर

पायनियर ने अपनी ख़बरों के माध्यम से लगभग सभी सीटों पर आंकलन प्रकाशित किया था जिसमे से ज्यादातर खरों पर जनता की मुहर लगी है। डोंगरगांव विधानसभा के विषय में पायनियर ने शुरुआत में ही स्पष्ट कर दिया था कि भरत वर्मा को चुनावी मैदान में उतार कर भाजपा ने गलती कर दी है और इस विधानसभा से वो कमजोर प्रत्याशी साबित होंगे। इसी तरह मोहला मानपुर सीट पर भी पायनियर ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था कि भाजपा के संजीव शाह को भीतरघात भारी पड़ सकता है और इस सीट पर उनकी हार तक़रीबन तय मानी जा रही है। खैरागढ़ को लेकर भी पायनियर ने कांटे की टक्कर में हार जीत का होना बताया था इसके अलावा राजनांदगांव, खुज्जी सहित अन्य विधानसभा क्षेत्रों के विषय में भी पायनियर का पोल सही रहा।



डोंगरगांव में भरत की जीत आसान नहीं, जातिगत समीकरणों में उलझन शुरू, कार्यकर्ताओं की कमी

हारे हुए पार्षद प्रत्याशी कर रहे भरत की अगुवानी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भीतरघात का भी डर



राजशाही व्यवहार से बाहर नहीं निकल पा रहे संजीव, महामंत्री दिलीप वर्मा का भीतरघात पड़ सकता है भाजपा को भारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भीतरघातियों को चुनाव की कमान

मोहला मानपुर में भाजपा के पास केवल बिरझु तारम की मौत ही प्रमुख मुद्दा

# बीजेपी का अभेद किला जशपुर फिर से मजबूत, कांग्रेस का सूपड़ा साफ
# विष्णुदेव 25787, रायमुनी 17749 से, गोमती 256वोटों से हुए विजयी

## निर्दलीय प्रदीप खेस्स को 7417 वोट मिले, प्रदीप दीवान को 1366 वोट मिले

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बीजेपी का अभेद किला माने जाने वाला जशपुर एक बार फिर से बीजेपी के हाथ में आ गया है। 2018 के चुनाव में तीनों सीट कांग्रेस ने जीते थे। वहीं इस बार तीनों सीट बीजेपी ने अपने कब्जे में करने में सफलता हासिल की है। पूरे प्रदेश में कांग्रेस और बीजेपी के बीच कड़ी कांटे की टक्कर की बात कही जा रही थी जो सही साबित हुई। जशपुर जिला के तीनों सीट में कांग्रेस को जबरदस्त टक्कर मिली है। जहां कांग्रेस की जीत पक्की मानी जा रही थी वहां भी उसे जबरदस्त शिकस्त मिली है। कांग्रेस प्रत्याशी जशपुर से विनय भगत, कुनकुरी से यूडी मिंज और पत्थलगांव से रामपुकार सिंह तीनों हार गए। तीनों के परिणाम पहले ही राउंड से ही पीछे रहे। रामपुकार सिंह ने 17वें राउंड के बाद बढ़त बनाई थी लेकिन अंत तक पहुंचते, पहुंचते उन्हें भी 256 मतों से हार का सामना करना पड़ा।





### विष्णु अधिक मतों से विजयी

जशपुर जिला के तीनों विधानसभा में सबसे अधिक मतों से कुनकुरी विधानसभा से बीजेपी के प्रत्याशी विष्णुदेव साय सबसे अधिक 25787 मतों से विजयी हुए। यहां कांग्रेस से संसदीय सचिव यूडी मिंज मैदान पर थे। पहले ही राउंड में यूडी मिंज 2235 वोटों से पीछे रहे और अंत तक पीछे ही रहे। कुछ राउंड में अंतर कम जरूर हुआ लेकिन उसके बाद बढ़ता ही गया और अंतिम परिणाम में बीजेपी से चार बार के सांसद रहे विष्णुदेव साय की जीत हुई।

### रायमुनी भी शुरू से ही जीतीं

जशपुर विधानसभा से बीजेपी की प्रत्याशी रायमुनी भगत 17749 वोटों से जीत मिली है। यहां से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में वर्तमान के विधायक रहे विनय भगत मैदान पर थे। पहले राउंड में ही रायमुनी भगत 1757 वोटों से आगे रहीं और लगातार आगे ही बढ़ती गईं। 6वें राउंड में ही रायमुनी भगत और विनय भगत के बीच 11500 का अंतर हो चुका था। इसे पाटने में कहीं भी विनय भगत को बढ़त नहीं मिली। अंततः रायमुनी भगत बड़े अंतर से जशपुर विधानसभा में जीत हासिल की है।

### पत्थलगांव में कांटे की टक्कर

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश में सबसे वरिष्ठ और उम्रदराज विधायक रामपुकार सिंह और वर्तमान में बीजेपी से सांसद गोमती साय के बीच मुकाबला था। पहले ही राउंड से गोमती से साय 1336 वोटों से आगे रही और 16वें राउंड तक बढ़त बनाए रहीं। लेकिन 17वें राउंड में रामपुकार सिंह 1150 मतों से बढ़त बना ली। लेकिन अंत तक पहुंचते, पहुंचते वे 256 मतों से हार गए।

### रिकाउंटिंग चलती रही

256 वोटों से हार होने पर रामपुकार सिंह ने पुनर्गणना की मांग करते हुए गणना फिर से कराना शुरू कराया। समाचार लिखे जाने तक पुनर्गणना समाप्त नहीं हुई थी।

## हाथियों के दल ने रफ्ता में फसल चौपट कर पहुंचा श्यांग

**कोरबा।** 26 हाथियो का दल कोरबा वन मंडल अंतर्गत लेमरू रेंज के रफता जंगल में तीन दिनों तक डेरा डालने के बाद एक बार फिर कुदमुरा रेंज पहुंच गया है। हाथियों ने कुदमुरा रेंज का रूख करने से पहले गांव में चार ग्रामीणों की धान की फसल को बुरी तरह चैपट कर दिया। जिसकी सूचना पीड़ित ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दिए जाने पर उसका अमला आज सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आकलन में जुट गया। हाथियो का दल यहां फसल रौंदने के बाद रात्रि 12 बजें के लगभग हलचल किया और जंगल ही जंगल होते हुए कुदमुरा रेंज के श्यांग जंगल के कक्ष क्रमांक 1365 पहुंच गया। वर्तमान में हाथियो का यह दल इसी जंगल में मौजूद है। वहीं 11 हाथियो का दूसरा दल कुदमुरा रेंज के अमलडीहा स्थित धौराबाड़ी पहुंच गया है। इससे पहले दल चिरहूट घूम रहे थे वन विभाग द्वारा हाथियो के दोनों दलो की सतत निगरानी की जा रही है। आस-पास के गांवो में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सर्तक करने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी हर्षित ठाकुर ने हासिल की जीत

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com




एनटीपीसी कोरबा द्वारा समर्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी अब ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हुए योग्य बिलासपुर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर में आयोजित 22वीं राज्य सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 में अंतरराष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी हर्षित ठाकुर ने जीत हासिल की। पुरुष एकल का फाइनल रायपुर के रौनक चैहान और कोरबा के हर्षित ठाकुर के बीच खेला गया। हर्षित विजेता बने। हर्षित ने बैडमिंटन की दुनिया में एक असाधारण रास्ता बनाया है और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी कहानी लचीलेपन और दृढ़ संकल्प की है, जो हमें बाधाओं के बावजूद अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। हर्षित ठाकुर को एनटीपीसी कोरबा की नैगम सामाजिक डाइत्व्य के अंतर्गत (सीएसआर) प्रशिक्षित किया जा रहा है। एनटीपीसी कोरबा द्वारा समर्थित हर्षित ठाकुर ने हाल ही में 24 से 29 नवंबर 2023 तक चंडीगढ़ में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता। हर्षित ठाकुर ने कहा, ष्मैं और मेरी टीम अब जनवरी 2024 में होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालिफाई हो गए हैं। उन्होंने कहा, मैं एनटीपीसी कोरबा द्वारा दिए गए समर्थन के लिए वास्तव में आभारी और आभारी हूं।

# आगामी वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ में 6,300 मेगावाट तक बढ़ेगी बिजली की खपत

## बिजली की मांग में 958 मेगावाट की वृद्धि हुई, 19 प्रतिशत बिजली की मांग राज्य में बढ़ी

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com

केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने आगामी वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ में बिजली की खपत 6,300 मेगावाट तक पहुंचने का पूर्वानुमान लगाया है। तीन साल में पीक अवधि के दौरान बिजली की मांग में 958 मेगावाट की वृद्धि हुई है, यानी इस अवधि में करीब 19 प्रतिशत बिजली की मांग राज्य में बढ़ी है। घरेलू मांग के अलावा बिजली की खपत उद्योगों और खेती-किसानी में है।अधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्य में चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के बीच पीक अवर्स (शाम छह से रात नौ बजे तक) में बिजली की औसतन मांग 5,836 मेगावाट रही। जबकि वर्ष 2022-23 की समान अवधि में मांग 5,339 मेगावाट रही। इसके पहले वर्ष 2021- 22 में औसतन मांग 4,878 मेगावाट दर्ज की



गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य की जनसंख्या लगभग तीन करोड़ है। बीते तीन वर्ष के आंकड़े बता रहे हैं कि अधिकतम मांग अवधि यानी पीक पीरियड के दौरान विद्युत की खपत तेजी से बढ़ रही है। राज्य में बिजली की बढ़ती मांग की सबसे बड़ी वजह औद्योगिक और खेती की प्रगति है।छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के संयंत्रों से 2,980 मेगावाट बिजली पैदा होती है। राज्य को जरूरत की शेष बिजली केंद्रीय कोटे से मिलती है। आवश्यकता पडऩे पर बिजली सेंट्रल पूल से ओवरड्राल भी की जाती है। कंपनी को बिजली उत्पादन बढ़ाना होगा, नहीं तो अन्य राज्यों की बिजली पर निर्भरता बढ़ती जाएगी। राज्य सरकार ने पांच अलग-अलग जिलों में लगभग 7,700 मेगावाट पन बिजली बनाने के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर लिया है। इसके अलावा 1320 मेगावाट थर्मल पावर प्रोजेक्ट कोरबा पश्चिम में शिलान्यास भी किया जा चुका है। मड़वा प्रोजेक्ट में भी 1320 मेगावाट क्षमता का एक ओर विद्युत संयंत्र स्थापित करने की संभावना तलाशी जा रही है। इन प्रोजेक्टों को अस्तित्व में आने में पांच से अधिक समय लगेगा। इस बीच विद्युत कंपनी को अन्य राज्यों से बिजली खरीदने का अनुबंध करनी होगी। पंजाब से 200 मेगावाट का एक्सचेंज अनुबंध किया गया है। इसके अलावा सिक्किम व मिजोरम से भी बिजली खरीदने की पहल की गई है।छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार के अलावा केंद्र और निजी क्षेत्र के विद्युत संयंत्र प्रचालन में हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अप्रैल से अक्टूबर के बीच राज्य में कुल 94,332.56 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन दर्ज किया गया। इसमें राज्य सरकार के संयंत्रों से 12,329.95 मिलियन यूनिट बिजली पैदा हुई। केंद्र सरकार के संयंत्रों यानी एनटीपीसी से 33,630.81 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। जबकि निजी संयंत्रों से 48,371.79 मिलियन यूनिट बिजली का प्रोडक्शन दर्ज किया गया गया।एक ओर जहां पीक पीरियड में छत्तीसगढ़ में बिजली की मांग बढ़ी है वहीं समकक्ष या कुछ बड़े राज्यों में बिजली की मांग घटी है। झारखंड में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान

## पीएचई रिटायर्ड अधिकारी के घर चोरी, ढाई लाख के सामान पार

**कोरबा।** सिविल लाईन थानांतर्गत चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। खरमोरा में रहने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के रिटायर्ड अधिकारी के घर धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने करीब ढाई लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है जिसके द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। ठंड बढने के साथ ही कोरबा जिले में चोरों की सक्रियता भी काफी बढ़ गई है। चोर आए दिन कहीं न कहीं अपने कारनामों को अंजाम देकर पुलिस के साथ ही लोगों को भी परेशान कर रहे है। मामला सिविल लाईन थाना क्षेत्र का है। खरमोरा में रहने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के रिटायर्ड अधिकारी आरपी साव के घर धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने करीब ढाई लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। चोर घर के आंगन की दीवार को फांदकर भीतर घुसे और फिर अलमारी का लॉकर तोडकर उसमें रखे पांच तोला सोना,चांदी के जेवरात और 23 हजार रुपए नकदी रकम लेकर फरार हो गए।

# हाथियों के डर से आठ घंटे जंगल के बीच झाडियों में दुबका रहा ग्रामीण, वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर निकाला बाहर

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



कटघोरा वन मंडल के ग्राम गुरसियां में धान मिसाई कर शाम छह बजे घर वापस लौट चार ग्रामीणों का सामना 18 हाथियों के साथ हो गया। चारों डर के मारे भागने लगे। तीन ग्रामीण घर वापस लौट गए लेकिन एक ने जंगल के बीच झाडियों में शरण ले ली। आठ घंटे तक वह झाडियों में दुबका रहा। हाथियों को जगह से खदेडऩे के बाद वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर ग्रामीण को बाहर निकाला।जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। खेतों में धान कटाई के बाद खलिहानों में रखे धान के आसपास मंडराने लगे है। गुरसियां निवासी प्यारे सिंह ने धान मिसाई के लिए करमन सिंह बांधापारा, राजकुमार गुरसियां, चंद्रभान और सरमिहा बिंझावार सेंद्रीमुड़ा को अपने घर बुलाया था। सुबह से शाम तक धान मिसाई का चलता रहा। काम पूरा होने के बाद चारों मजदूर घर वापस लौट रहे थे। वे सभी उमेंद सिंह के खेत के पास पहंचे ही थे कि 18 हाथी सामने से आते दिखाई दिए।हाथियों के दल को अचानक सामने पाकर चारों सिर पर पांव रखकर भागने लगे। करमन, राजकुमार व चंद्रभान ग्राम सेंद्रीमुड़ा की ओर भागे। वहीं सरमिहा बिंझवार 65 वर्ष जंगल की ओर भागा और झाडियों के बीच दुबक गया। देर रात तक सरमिहा के वापस नहीं लौटने पर उसके घर में कोहराम मच गया। लोगों को शंका होने लगी कि कहीं सरमिहा हाथी के चुंगल में तो नहीं फंस गया। मामले की सूचना ग्रामीणों ने वनपाल गुरबारी बाई को दी। उन्होने इसकी सूचना अपने साथी वन कर्मियों को दी। टीम के साथ पहुंचे वन कर्मियों ने पहले हाथियों दूसरी ओर खदेड़ा।कर्मियों ने सरमिहा के नाम से आवाज देना शुरू किया। उधर सरमिहा ने भी खुद को झाड़ी में छपे होने की सूचना दी। देर रात तक झाड़ी में छुपे सरमिहा का स्वास्थ्य ठंड की वजह से बिगड़ गई थी। वह चलने में असमर्थ था। वन कर्मियों उसे कांधे पर उठाकर वापस बस्ती लाए और स्थानीय अस्पताल में इजाज कराया। तब कहीं लोगों ने राहत की सांस ली।

# जागरूकता कार्यक्रमों से होता है एड्स से बचाव : डॉ पवन

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को एड्स जैसी भयानक बीमारी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष आमंत्रित चिकित्सक डॉक्टर पवन कुमार (डिप्टी सीएमओ एनसीएच गेवरा) के द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । डॉ. पवन कुमार ने इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को एड्स की विस्तृत जानकारी दी एवं इससे बचने के उपाय के बारे में भी बताया। डॉक्टर पवन कुमार ने विद्यार्थियों को वायरस क्या होता है ,एवं यह कैसे फैलते जाता है इसकी भी पूरी क्रियाविधि विस्तार से समझाइ। उपस्थित विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सवाल पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। पूरी कार्यशाला में विद्यार्थियों से विभिन्न रोचक सवाल पूछे गए, जिसका सभी विद्यार्थियों ने जवाब दिया। डॉक्टर पवन कुमार ने विद्यार्थियों को प्रत्येक सवालों के जवाब को देने के लिए प्रेरित किया। डॉक्टर पवन कुमार ने कहा कि आप जवाब अवश्य दें यदि जवाब गलत होगा तो उसको सही करके हम आपको समझाएंगे। कम से कम आप में अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास होगा। अच्छा है कि हम चुप ना रहें। अपने मन में आने वाले प्रत्येक शंकाओं का समाधान करते चलें। यदि मन में कोई सवाल है तो हम जरूर पूछें। डॉक्टर पी पवन कुमार ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि लाइलाज एवं भयावह बीमारी के प्रति हम लोगों को जागरूक करें। इससे हर संभव बचने का प्रयास करें। हम प्रत्येक परिस्थिति में संयम बरतें ।छात्रों द्वारा लोगों में एड्स के प्रति जागरूकता लाने श्रृंखला द्वारा प्रतिरूप बनाकर संदेश दिया। डॉ पवन कुमार( ड्यूटी सी एम ओ एन सी एच गेवरा) ने एड्स बीमारी के लक्षण बताते हुए विद्यार्थियों को बताया कि एचआईवी) संक्रमण के बाद की स्थिति है, जिसमें मानव अपने प्राकृतिक प्रतिरक्षण क्षमता खो देता है। एड्स स्वयं कोई बीमारी नही है, पर एड्स से पीड़ित मानव शरीर संक्रामक बीमारियों, जो कि जीवाणु और विषाणु आदि से होती हैं, के प्रति अपनी प्राकृतिक प्रतिरोधी शक्ति खो बैठता है क्योंकि एच.आई.वी (वह वायरस जिससे कि एड्स होता है) रक्त में उपस्थित प्रतिरोधी पदार्थ लसीका-कोशो पर आक्रमण करता है। एड्स पीड़ित के शरीर में प्रतिरोधक क्षमता के क्रमशरू क्षय होने से कोई भी अवसरवादी संक्रमण, यानि आम सर्दी जुकाम से ले कर क्षय रोग जैसे रोग तक सहजता से हो जाते हैं और उनका इलाज करना कठिन हो जाता हैं। एच.आई.वी. संक्रमण को एड्स की स्थिति तक पहुंचने में 8 से 10 वर्ष या इससे भी अधिक समय लग सकता है।


04 Dec. 2023 Pride Of Raipur

अल्ताफ भाई मो. युसुफ
आपकी अपनी दुकान
आरिफ भाई कपड़े वाले
❖ रेडिमेड ❖ लाचा ❖ शरारा ❖ गरारा ❖ सूट-पीस ❖ पेन्ट-कुर्ती
9303609211, 9685765286, 7717967419
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)

CITYLIF SAH Yatri
प्रोसेसिंग फीस 6000/- आर.टी.ओ. फीस 3000/- 15 लाख का गाड़ी मालिक बीमा फ्री
गाड़ी नगदी लेने पर भारी छूट, इस त्यौहार उपहार की बरसात, आज ही अपनी मनपसंद गाड़ी बुक करें और निश्चित उपहार पाये
ई-रिक्शा मात्र 40000/- में लिथियम गाड़ी घर ले जाये
लिथियम ई-रिक्शा मात्र 1,88,950/-
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
नोट : ये कीमत सीमित समय के लिये है
आज ही बुक कराये, पहले आए पहले पाएं
एक बार चार्ज होने पर 80-110 किमी. चलती जाए...
स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर
जग्गी काम्पलेक्स, पुलिस लाईन के सामने रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

NAWLAKHA COMPUTER
Specialist in Laptop Reparing
CSIDC & GEM Registered Supplier, HP Exclusive Store
▪ HP LAPTOP ▪ HP DESKTOP
▪ HP PRINTER ▪ HP ALL-IN-ONE COMPUTER
▪ COMPUTER ON RENT ▪ LAPTOP ON RENT
▪ LAPTOP REPAIRING IN SAME DAY
Auth. Dealer - hp ASUS Lenovo
Chhotapara, Near Dr. Rajesh Trivedi Hospital, Near Kotwali Chowk, Raipur (C.G.)
Branch : Pachpdinaka, Raipur (C.G.) Mobile - 7389654488, 9303971008, 7714341008
9827189877, 9303971008 , 0771-4096008

जले, फटे-कटे, नोट के बदले पूरी कीमत का सामान प्राप्त करें...
पुराने सिक्के 1 से 50 पैसे तक एवं 2000 के नोट भी लिए जाते है (जो चलन में नहीं है) लिए जाते है।
जैन इलेक्ट्रिकल्स
विनस अपार्टमेंट प्रथम तल, क्वाटर नं. 103, बैरनबाजार रायपुर
जैन मोबाईल सदर, बाजार, रायपुर
जैन इंटरप्राइजेस तेलीपारा, गली, नयापारा, रायपुर
94062-44045, 93297-75150, 91096-51453

KSR Kisan Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

YOUR AD IN THEIR OFFICE FOR 365 DAYS
Promoting Your Business - Our Way
CUSTOMIZED TABLE CALENDARS Available
at AFFORDABLE PRICE
Meetnisha Ads +91 93298 46567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है।

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567





श्री बालाजी भगवान मंदिर मोवा, रायपुर (छ.ग.)

Shri Balaji
Group of Hospitals & Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का

# डॉ. देवेन्द्र नायक जी

## चेयरमेन, श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पीटल्स एण्ड कॉलेजेस

## को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ



आपने न केवल मरीजों की सेवा की है, बल्कि अपने क्षेत्र में एक महान पेशेवर करियर भी बनाया है।

आपकी मेहनत, समर्पण, और उत्कृष्टता ने आपको इस मुकाम तक पहुँचाया है, हम सभी आपकी उपलब्धियों पर गर्वित हैं। आपकी सफलता सिर्फ आपकी ही नहीं, बल्कि समूचे समाज की उत्कृष्टता का प्रतीक है।



श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर (छ.ग.)


श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)



बालाजी ब्लड सेंटर मोवा, रायपुर (छ.ग.)



श्री बालाजी थिंक मीडिया मोवा, रायपुर (छ.ग.)



श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल, रायपुर (छ.ग.)


श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रायपुर (छ.ग.)

**विनीत :- एक शुभचिंतक**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403